CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 23° C

हल्द्वानी, बुधवार 20 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 | 2 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित पेज 2




बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान व प्रिंस यादव वनडे टीम में शामिल खेल टाइम्स



भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन: उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत सम्पादकीय



अमेरिकी साजिश थी इमरान खान का तख्तापलट पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल समेत 'आप' नेताओं को अवमानना का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कान्टेम्प्ट) के एक स्वत: संज्ञान मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद 20 अप्रैल को आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। पीठ ने सभी आरोपियों का जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

### उमर खालिद की जमानत याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका साल 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में दायर की गई थी, जिसमें उन पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप दर्ज हैं। उमर खालिद ने अपने दिवंगत चाचा की शोक सभा (चेहलुम) में शामिल होने और अपनी मां की देखभाल के लिए 15 दिनों के लिए जमानत मांगी थी, लेकिन कड़कड़डूमा अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर वाजपेयी ने उमर खालिद की 15 दिनों की अंतरिम जमानत की मांग को नामंजूर कर दिया।

### स्मार्ट पावर का दमदार सबूत था ऑपरेशन सिंदूर: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित सिक्योरिटी टू प्रास्पेरिटी: स्मार्ट पावर फॉर सस्टेन्ड नेशनल ग्रोथ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत की सैन्य और रणनीतिक क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया। सेमिनार के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए इसे भारत की स्मार्ट पावर का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आर्मी चीफ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भारत ने स्मार्ट पावर के सवाल का आंशिक उत्तर प्रस्तुत किया था, लेकिन 6 और 7 मई 2025 की रात भारत ने इसे पूरी तरह परिभाषित कर दिया।

### मंदिरों के पास पड़े सोने के मौद्रीकरण की रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंदिरों के पास मौजूद सोने के भंडार के मौद्रीकरण की रिपोर्टों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट किया कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट में यह दावा किया जा रहा है कि सरकार मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले में मंदिरों को गोल्ड बांड जारी करने की योजना बना रही है।

# अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर व M777 तोपों की डील को दी मंजूरी

वाशिंगटन, वार्ता

**भारत और अमेरिका** के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब



■ **भारतीय सैन्य ताकत होगी और मजबूत**

198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारत ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरिंग, टेक्निकल और लॉजिस्टिक सपोर्ट सेवाओं की मांग की थी। इसके अलावा तकनीकी डेटा, पब्लिकेशन, सैनिकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रोग्राम सपोर्ट भी इस डील का हिस्सा होंगे। वहीं एम777ए2 हॉवित्जर के लिए स्पेयर पार्ट्स, रिपेयर, ट्रेनिंग, टेक्निकल सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि और लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल रहेंगी। यह संभावित रक्षा सौदा अमेरिका के फारेन मिलिट्री सेल (एफएमएस) चैनल के तहत किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। अमेरिका का मानना है कि इस डील से भारत की वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितम्बर में आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितम्बर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितम्बर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसम्बर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था।

एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

■ **ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे, 10 महीने में दूसरा दौरा, मोदी भी इस साल रूस जाएंगे**

# रेबीज और बीमार कुत्तों को मारने की सुप्रीम अनुमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इन्कार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया। डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए।



**7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज**

अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

# पांच दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

## पेट्रोल 87 पैसे व डीजल के दामों में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं।

इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 91 पैसे और डीजल की 94 पैसे बढ़ी है। वहां अब पेट्रोल 107.59 रुपये का और डीजल 94.08 रुपये का हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल

■ **पेट्रोल 98.64 व डीजल 91.58 रुपये में एक लीटर मिलेगा**

96 पैसे महंगा हुआ है। मंगलवार से एक लीटर पेट्रोल 104.49 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.11 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में अब पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये और डीजल की 96.07 रुपये पर पहुंच गई है। इनके दाम क्रमश: 96 पैसे और 94 पैसे बढ़े हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी इतनी ही वृद्धि की है। दिल्ली में ब्रांडेड पेट्रोल एक्सपी-95 की कीमत 87 पैसे बढ़कर 105.76 रुपये और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़कर 96.90 रुपये प्रति लीटर हो गई है। दूसरे शहरों में भी कीमतों में लगभग इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है, हालांकि वैट और लॉजिस्टिक्स लागत में अंतर के कारण कीमत वृद्धि में कुछ अंतर होता है। पेट्रोल-डीजल के दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह बढ़ाए गए थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित होने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव है। हालांकि उन्होंने मार्च और अप्रैल में कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी। भारतीय बास्केट में अप्रैल में कच्चे तेल की औसत कीमत 114.48 डॉलर प्रति बैरल रही थी जो मई में घटकर 18 मई तक औसतन 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है।

# देश में बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि देश एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर आम जनता पर पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का आर्थिक ढांचा पूरी तरह बदल दिया गया है, जिसके कारण एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से लगातार कह रहा हूं कि मोदी जी ने देश का आर्थिक ढांचा बदल दिया है। एक बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है। दुर्भाग्य से इसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ेगा। इस आर्थिक झटके का असर सिर्फ अडानी, अंबानी और मोदी पर नहीं पड़ेगा, बल्कि देश के आम लोगों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

■ **कहा : आम आदमी पर पड़ेगा असर**

## मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा, रफ्तार कम रहेगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या (मानसून ब्रेक) ज्यादा रह सकती है।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ होने के कारण देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। देहरादून स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में उनका पिछले तकरीबन एक माह से इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि खंडूड़ी हृदय संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वे भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर्ड हुए थे और उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा की। वे उत्तराखंड के दो बार मुख्यमंत्री बने। इससे -शेष पृष्ठ दो पर



■ **काफी समय से मैक्स अस्पताल में चल रहा था इलाज, सीएम धामी ने जताया दुख**


### राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति ने भी खंडूड़ी के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि.) के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जनसेवा के लिए ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण पेश किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनके निधन पर शोक जताया है। इसके साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन को प्रदेश के लिए बड़ी क्षति बताया है।

# चंद्रयान-3 के हॉप प्रयोग ने चंद्रमा के छिपे रहस्यों को किया उजागर

**चेन्नई।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर द्वारा किए गए 'हॉप' प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से जुड़े कई छिपे रहस्यों का खुलासा किया है।

वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग के जरिये चंद्र सतह की रेगोलिथ विषमता (रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी) का पता लगाया है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन निष्कर्षों से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सतही अभियानों को लेकर नई जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सतह की विविधता को समझना भविष्य में चंद्रमा पर



वैज्ञानिक आधार और आवास निर्माण की योजनाओं के लिए आवश्यक है। यह अध्ययन इस प्रकार का पहला अनूठा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था। करीब 10 पृथ्वी दिवस तक चंद्र सतह, निकट-सतही प्लाज्मा और भू-कंपनों से जुड़े प्रयोग करने के बाद, दो सितम्बर 2023 को लैंडर ने बचा हुआ ईंधन इस्तेमाल कर 'हॉप' प्रयोग किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को कहा कि यह 'हॉप' भविष्य में चंद्रमा से नमूने पृथ्वी पर लाने वाले अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमता साबित हुआ है। इसरो ने कहा कि जिसे सामान्य तौर पर 'चंद्र मिट्टी' कहा जाता है, उसका सही वैज्ञानिक नाम 'लूनर रेगोलिथ' है। यह दरअसल चट्टानों के टूटे हुए अत्यंत महीन, नुकीले और कांच जैसे कणों से बना होता है, जो बेहद खुरदरे होते हैं और स्थैतिक विद्युत की तरह हर चीज से चिपक जाते हैं।

■ **वैज्ञानिकों ने प्रयोग के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी का पता लगाया**

### TMC उम्मीदवार जहांगीर खान पुनर्मतदान से पहले दौड़ से हटे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में शांति और विकास को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की। यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कटरा रेलखंड के लिए 238 करोड़ के सुरक्षा कार्यों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने उत्तरी रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड पर 238 करोड़ रुपये की लागत से ढलान स्थिरीकरण, सुरंगों के पुनर्निर्माण और पुलों के संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी है। इन कार्यों में संवेदनशील स्थानों पर पुनर्निर्माण, सुरंगों में रिसाव की समस्या का समाधान तथा अन्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि रणनी. तिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलखंड की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह परियोजना मंजूर की गई है। ये कार्य देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों में सुरक्षित और विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### छोटे शहरों में बढ़ रहा यूपीआई से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** बदलती प्रौद्योगिकी और भुगतान के नए विकल्प आने के साथ मझौले और छोटे शहरों में यूपीआई के माध्यम से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। गैर. बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीआई कार्ड द्वार मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में बढ़ती आय, शहरीकरण में तेजी और उभरते मध्यम वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं ने लोगों के खर्च करने के तरीके को बदल दिया है। यूपीआई अब दैनिक लेनदेन की रीढ़ बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के अपने आंकड़ों का हवाला देते हुए एसबीआई कार्ड ने बताया कि यूपीआई के जरिए क्रेडिट कार्ड खर्च में तिमाही-दर-तिमाही 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

## उप्र में बदल गए जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के नियम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ योगी सरकार ने जारी किया नया आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम-1969 में संशोधन के तहत विलंब शुल्क की नई दरें लागू कर दी हैं। अब अगर किसी ने 21 दिन के बाद रजिस्ट्रेशन कराया, तो उसे पहले से 10 गुना तक अधिक लेट फीस देनी पड़ेगी। सरकार की यह नई व्यवस्था शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लागू होगी।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अनुसार घटना के 21 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क है, लेकिन 21 दिन के बाद अब अगर आवेदन किया गया, तो विलंब शुल्क देना अनिवार्य है। 21 से 30 दिन के अंदर 2 रुपये की जगह 20 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 30 दिन से 1 साल के अंदर 5 रुपये की जगह 50 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 1 साल बाद 10 रुपये की जगह 100 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। इससे पहले 21 दिन के बाद 30 दिन के भीतर सिर्फ 2 रुपये, 30 दिन से 1 साल तक 5 रुपये और 1 साल बाद 10 रुपये शुल्क लगता था। नियम के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद स्थानीय अधिकारियों के पास 21 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। अगर बच्चे का जन्म घर में हुआ है, तो भी 21 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना होगा। अगर इस अवधि में पंजीकरण नहीं होता, तो पुलिस सत्यापन के बाद ही प्रमाण पत्र जारी होता है। वहीं अगर एक वर्ष की देरी से पंजीकरण कराने पर अब एसडीएम का आदेश जरूरी कर दिया गया है। पहले भी उप जिलाधिकारी के आदेश की जरूरत थी, लेकिन अब शुल्क भी 10 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। केंद्र सरकार के 2023 के संशोधन के बाद जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध दस्तावेज होगा। सभी बड़े अस्पतालों के पास नगर निगम की यूजर आईडी है और वे अपने स्तर से ही प्रमाणपत्र जारी कर देते हैं। बता दें कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र उसके स्कूल में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बीमा पॉलिसी और राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए जरूरी होता है। वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र संपत्ति के उत्तराधिकार, पेंशन और बीमा दावों के निपटारे के लिए काम आता है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नई व्यवस्था 16 जून की अधिसूचना के तहत लागू की गई है। सरकार का मकसद पंजीकरण को समयबद्ध बनाना और डेटाबेस को राष्ट्रीय स्तर पर अपडेट करना है। इसलिए नागरिकों को सलाह है कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिन के भीतर ही नजदीकी रजिस्ट्रार कार्यालय या सीआरएस पोर्टल पर आवेदन कर दें, ताकि विलंब शुल्क से बचा जा सके।

## यूपी में खुलेंगी 600 नई शराब की दुकानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ आबादी सर्वे के बाद तय होगी संख्या

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आने वाले महीनों में करीब 600 नई फुटकर शराब की दुकानें खुल सकती हैं। आबकारी विभाग पिछले एक साल में प्रमुख शहरों के बाहरी इलाकों में शिफ्ट हुई आबादी का अनुमान लगा रहा है। इसके बाद ही नई दुकानों की सही संख्या तय होगी।

विभाग का मकसद हाल ही में बसी आवासीय कॉलोनियों में विदेशी शराब, बीयर और अन्य शराब की मांग को पूरा करना है। इससे 2026-27 वित्तीय वर्ष में राजस्व भी बढ़ेगा। 31 मार्च से कई दुकानदारों ने वित्तीय व्यवहार्यता न होने का हवाला देकर शराब का कारोबार छोड़ दिया है। प्रदेश में 27,308 शराब दुकानें थीं। इनमें से 421 मॉडल शॉप, देशी शराब और कंपोजिट शॉप के लिए चार दौर की लॉटरी के बाद भी कोई खरीदार नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि पांचवें दौर में 2025-26 में इन दुकानों के लिए चुकाई गई मूल लाइसेंस फीस में 20 प्रतिशत तक की कटौती की जा सकती है, ताकि संचालन व्यवहार्य हो सके। एक अधिकारी ने कहा, अंतिम फैसला अभी बाकी है।

शहर की सीमा में लाइसेंस फीस बहुत ज्यादा होने के कारण कई उद्यमियों ने मॉडल शॉप छोड़ दीं। जो दुकानें अब तक नवीनीकृत या आवंटित नहीं हो पाईं, उनके अलावा विभाग करीब 600 नई दुकानें लाने पर विचार कर रहा है। दरअसल आबकारी नीति के तहत आबकारी आयुक्त को जरूरत पड़ने पर नई आवासीय कॉलोनियों को कवर करने के लिए और दुकानें खोलने का अधिकार है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नीति के तहत आबकारी आयुक्त किसी जिले में पिछले वित्तीय वर्ष की कुल फुटकर दुकानों की संख्या की तुलना में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकते हैं।

नई दुकानें खोलने से विभाग को मौजूदा दुकानों की लाइसेंस फीस तर्कसंगत करने से होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। अनुमान है कि पिछले वित्तीय वर्ष में लाइसेंस फीस और प्रोसेसिंग फीस से विभाग को 4,000-5,000 करोड़ रुपये मिले। कुल मिलाकर 2025-26 में शराब व्यापार पर शुल्क और फीस लगाकर विभाग ने 57,722 करोड़ रुपये का सालाना राजस्व हासिल किया। सैचुरेशन पॉइंट पर पहुंचने के बाद आबकारी विभाग नए उपायों के जरिए अतिरिक्त राजस्व के रास्ते तलाश रहा है।

## भाजपा सबसे अधर्मी पार्टी

### सपा मुखिया अखिलेश ने बोला हमला

**लखनऊ, वार्ता**



■ सीएम योगी के नमाज वाले बयान पर पहली प्रतिक्रिया

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नमाज वाले बयान पर कहा कि सड़कों पर क्या होना चाहिए और क्या नहीं, इसके लिए नियम-कानून बने हुए हैं, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई सबसे अधर्मी पार्टी है, तो वह भाजपा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हाल ही में अधिवक्ता संघ के लोग विरोध प्रदर्शन के लिए निकले थे, जिनके हाथों में रामचरितमानस थी, फिर भी उन पर लाठीचार्ज किया गया और उन्हें पीटा गया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा खुद को सनातन की पक्षधर मानती है, तो उसे 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना पर चलना चाहिए। अखिलेस ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि न तो स्मार्ट सिटी बन पाई और न ही स्मार्ट मीटर योजना टिक सकी, जिन्हें हटाना पड़ा। ऐसे में सरकार के कामकाज पर सवाल उठना स्वाभाविक है। योगी आदित्यनाथ ने 18 मई को एक हिंदी अखबार के कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होने दी जाती।

### अगले सात दिनों तक हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी

## उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ गर्म हवा के थपेड़े से लोग बेहाल दिखाई दिखे, सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत समूचे उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को जारी पूर्वानुमान में अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की है।

राजधानी लखनऊ समेत पूर्वांचल और बुंदेलखंड के जिलों में दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जबकि रात में भी गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बलिया से गाजियाबाद तक सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल दिखाई दिए, जबकि 11 बजते बजते सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा। गर्मी और लू का प्रभाव इस कदर दिखाई दे रहा है कि पार्क,मॉल,बाजार और प्राणि उद्यान आमतौर पर सुनसान दिखाई दे रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग पूरी करते ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं जिसके चलते बिजली की आवाजाही आम हो चुकी है। प्रदेश के अधि. कतर जिलों में कक्षा आठ तक के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां कर दी गई हैं। मौसम के तल्ख तेवरों के बीच सरकारी और निजी अस्पतालों के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में भीड़ बढ़ गई है। चिकित्सकों ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थो का सेवन करने और सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बाहर न निकलने की सलाह दी है। हृदय रोगियों से अपील की गई है कि वे डाक्टरी परामर्श से ली गई दवा के नियमित सेवन करें और अपरिहार्य स्थितियों में मेडिकल स्टोर का रुख न करके डाक्टर से सलाह लेकर दवाओं का सेवन करें। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 19 से 25 मई तक मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहेगा।

### पूर्वी यूपी में 22 के बाद बारिश की संभावना

पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में 22 मई के बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है, लेकिन इससे तापमान में अधिक राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने विशेष चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर भीषण लू से अति भीषण लू चलने की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर 'वार्म नाइट' की स्थिति भी बनी रहेगी, जिससे रात के समय भी तापमान सामान्य से काफी अधिक रहेगा। वाराणसी सोमवार को प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहा, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़कों और घाटों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निंगम ने प्रमुख चौराहों पर ग्रीन शेड, मिस्ट गन और 17 वाटर एटीएम की व्यवस्था की हैं

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
**ऋषि इन्टरनेशनल**
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75200.85 |
| निफ्टी | 23618.00 |
| सोना | 159000 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 270000 प्रति किलो |

## गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक आईटी कंपनियों में लिवाली का जोर

**मुंबई, वार्ता**



दिग्गज कंपनियों में अंतिम समय में हुई बिकवाली से मंगलवार घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। आईटी कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही, जबकि बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों ने बाजार पर दबाव बनाया। रसायन, सार्वजनिक बैंक, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी तेजी रही। ऑटो और फार्मा सेक्टरों से सूचकांक भी ऊपर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114.19 अंक (0.15 प्रतिशत) गिरकर 75,200.85 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 31.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 23,618 अंक पर रहा। सेंसेक्स सुबह बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहा। आखिरी एक घंटे में दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से अंत में यह लाल निशान में बंद हुआ। वृहत बाजार में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.88 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.17 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंफोसिस का शेयर पौने पांच प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का पौने तीन प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा और इंटरनल में भी करीब ढाई प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयर भी मजबूत रहे। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा, इंडिगो और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिर गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी में भी गिरावट रही।

### सोना 1.59 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.70 लाख किलो हुई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1168 रुपए बढ़कर 1. 59 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 2,181 रुपए बढ़कर 2.70 लाख रुपए पर पहुंच गया है। देश के बड़े शहरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,57,190 प्रति दस ग्राम, मुंबई में 1,57,040, कोलकाता में 1,57,040, जयपुर में 1,57,190, भोपाल में 1,57,090, पटना में 1,57,090 और लखनऊ में 1,57,190 रुपये है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 40 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

## चावल , गेहूं, चीनी, दालों के दाम बढ़े, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 3,871 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया।

आटा 15 रुपये मजबूत हुआ। दाल-दलहनों के भाव भी बढ़ गए। उड़द दाल और मूंग दाल के दाम 15.15 रुपये प्रति क्विटंल चढ़े। चना दाल में पांच रुपये की तेजी रही। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रहीं। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 53 रिंगिट चढ़कर 4,587 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत टूटकर 75.45 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की कीमत 105 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। पाम ऑयल 87 रुपये और मूंगफली तेल 45 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल का भाव 27 रुपये और वनस्पति का 25 रुपये बढ़ गया। वहीं सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विटंल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया, जबकि चीनी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7677.12 रुपये, मसूर काली 8132.72 रुपये, मूंग दाल 10161. 78 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11253.53 रुपये प्रति क्विटंल रही।

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
**हाशमी दवाखाना**
9997161320, 8272800800

**Cipzer**
— HEALTH WITH CARE —
**जॉन्डिस क्योर**
**लिवर का जिगरी दोस्त**
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## एक जनपद एक व्यंजन से यूपी के पारंपरिक स्वाद को मिलेगी वैश्विक पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को अब ग्लोबल प्लेटफॉर्म मिलेगा। योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का ब्रांड निर्माण कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाएगी। हाल ही में योगी मंत्रिमंडल ने इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति दे दी है।

सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य केवल स्वाद और परंपरा को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, रोजगार और निर्यात को भी बढ़ावा देना है। सरकार हर जिले के पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर उन्हें संगठित, सुरक्षित, ब्रांडेड और बाजारोन्मुख बनाएगी। योजना के तहत जिलाधिकारियों, संबंधित विभागों, प्रतिष्ठित संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और जिला उद्योग केंद्रों से मिले सुझावों के आधार पर जनपदवार व्यंजनों की पहचान की गई है।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड के...** पहले वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके थे। भारतीय सेना से रिटायरमेंट के बाद उनका 30 साल का राजनीतिक करियर रहा है। उनके निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र भाजपा नेता मनीष खंडूड़ी ने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये साझा की। वहीं, उनके निधन पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। एक जननेता के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और अपनी सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता से लोगों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को देहरादून के बसंत विहार उनके निवास स्थान पर लाया गया।

### उच्चतम न्यायालय के आदेश पर खांडू से इस्तीफा मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय की तीन सदर्स्यीय पीठ के अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का आदेश दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनसे इस्तीफा मांगना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि गत छह अप्रैल को उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को उन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया था, जिनमें जनवरी 2015 से दिसम्बर 2025 के बीच अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के परिवार को कथित हितों के टकराव की स्थिति में 1,270 करोड़ रुपये के ठेके दिए जाने का मामला शामिल है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम चार दिन में दूसरी बार बढ़ाने पर जवाब दें मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जताई हैरानी, पीएम से मांगा जवाब

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चार दिन के भीतर दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जाने के सरकार के फैसले पर हैरानी जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में जनता को जवाब देना चाहिए।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने तेल के दाम चार दिन में दूसरी बार में बढ़ाने के निर्णय को सरकार की गलत नीतियों का परिणाम बताया और कहा कि मोदी सरकार नाकामियों का बोझ जनता के सिर पर डाल रही है। उन्होंने कहा कि दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए। पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का 'कम्प्रोमाइज्ड मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने अमे. रिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी में दूरदर्शिता और नेतृत्व की कमी है।

### तेल उत्पादन बढ़ाने में विफल रही है सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने तेल आपूर्ति तथा तेल उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिसके कारण देश में तेल का संकट बढ़ गया है और इसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने ईंधन उत्पादन को लेकर देश की जनता से जो वायदा किया था उसे पूरा करने में विफल रहे हैं और इसको लेकर उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वह जो कहते हैं, करते नहीं हैं। इसका उदाहरण देते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री ने लोगों को विदेश यात्रा नहीं करने और पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने की सलाह दी लेकिन इसके कुछ ही समय बाद खुद विदेश यात्रा पर चले गए।

# खंडूड़ी के निधन से हर कोई दुखी, आम जनता के थे नायक

## सादगी, अनुशासन और व्यक्तिगत ईमानदारी माना जाता था पूर्व मुख्यमंत्री का सबसे बड़ा गुण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन से हर कोई दुखी है। खंडूड़ी उत्तराखंड की आम जनता के नायक थे।

पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड को सैन्य भूमि के नाम से जाना जाता है। जिसके नायक खंडूड़ी थे। उनकी साफ ईमानदार छवि उन्हें दूसरे नेताओं से अलग बनाती थी। साथ ही उनका अनुशासन भी उनकी छवि की एक पहचान थी. भुवन चंद्र खंडूड़ी एक खास लिबाज में आम नेता थे। जिन्होंने पहले सेना में सेवाएं दी. देश की सीमाओं की रक्षा की। उसके बाद राजनीति में कदम रखा. राजनीति में आने के बाद आम लोगों की समस्याओं को सुना। उनकी परेशानियों को दूर किया। आज की राजनीति में राजनीति खंडूड़ी जैसे नाम कम ही होते हैं। यहीं कारण है कि खंडूड़ी के जाने से हर कोई दुखी है।

खंडूड़ी का जाना केवल एक नेता का निधन नहीं माना जा रहा बल्कि उत्तराखंड की उस राजनीति के एक अध्याय का अंत माना जा रहा है। खंडूड़ी में सादगी अनुशासन और व्यक्तिगत ईमानदारी सबसे बड़ा गुण माना जाता था। आज उत्तराखंड में उनके निधन की खबर से पहाड़ के गांवों से लेकर मैदानों तक खामोशी छाई हुई है।



### सीएम धामी ने स्वर्गीय खंडूडी को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून स्थित बसंत विहार में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के आवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

छत्तीसगढ़ प्रवास से देहरादून पहुंचने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री धामी सीधे स्वर्गीय खंडूडी के निवास पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें विनम्र नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खण्डूरी का जीवन अनुशासन, राष्ट्रसेवा, ईमानदारी और जनकल्याण के मूल्यों का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देने के पश्चात उन्होंने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में भी उच्च आदर्श स्थापित किए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के विकास, सुशासन और पारदर्शी प्रशासन को मजबूत आधार प्रदान करने में स्वर्गीय खण्डूरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्यहित में अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी प्रदेशवासियों को प्राप्त हो रहा है।

**कहा, उत्तराखंड ने खोया एक अनुशासित सैनिक, कुशल प्रशासक व जनप्रिय नेता**

मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय खण्डूडी की पुत्री विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूऊ सहित अन्य परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षति केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड और देश की अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री धामी ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार एवं समर्थकों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### खंडूड़ी की प्रमुख उपलब्धियां और फैसले

- **भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती:** उन्होंने सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए कई सख्त कदम उठाए।
- **सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास:** पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया।
- **भूमि कानूनों में सख्ती:** राज्य की जमीन को बाहरी अतिक्रमण से बचाने के लिए कड़े नियम लागू किए।
- **सैनिक पृष्ठभूमि का प्रभाव:** पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कई योजनाएं शुरू कीं।
- उनकी प्रशासनिक शैली में अनुशासन और जवाबदेही स्पष्ट रूप से दिखाई देती थी, जो उनके सैन्य जीवन का प्रभाव था।

### पूर्व सीएम खंडूड़ी का जीवन परिचय

1. बीसी खंडूड़ी पौड़ी गढ़वाल के मूल निवासी थे। 1 अक्टूबर 1933 को बीसी खंडूड़ी का जन्म हुआ।
2. बीसी खंडूड़ी दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। पहली बार 2007 से 2009 तक और दूसरी बार 2011 से 2012 तक सीएम रहे।
3. वह पहली बार 8 मार्च 2007 से 27 जून 2009 तक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे।
4. फिर 11 सितंबर 2011 को तत्कालीन मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के इस्तीफे के बाद वे वापस उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बने।
5. राजनीति में आने से पहले उन्होंने 1954 से लेकर 1990 तक भारतीय सेना में 36 साल नौकरी की थी।
6. 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध में वो रेजीमेंट कमांडर रह चुके हैं। 1982 में अतिविशिष्ट सेना मेडल से सम्मानित किया गया था।
7. खंडूड़ी की पढ़ाई-लिखाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय, सैन्य अभियांत्रिकी महाविद्यालय (सीएमई) पुणे, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजी. नियर्स, नई दिल्ली और रक्षा प्रबंध संस्थान सिकंदराबाद में हुई।
8. सेवानिवृत्ति के बाद वो राजनीति में आए और 1991 तथा बाद के चुनावों में उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

## प्रदेश में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक आज सार्वजनिक अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूड़ी की अंतेष्टि 20 मई को पुलिस सम्मान के साथ सम्पन्न होगी, इस अवसर पर बुधवार को राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने इस बारे में आद. ेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के आकस्मिक निधन के कारण, प्रदेश में 19 मई से 21 मई तक तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है, इस दौरान समस्त सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। साथ ही कोई शासकीय मनोरंजन के कार्यक्रम भी आयोजित नहीं किए जाएंगे।

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस:** बीसी खंडूड़ी सैनिक अधिकारी रहे. इसलिए वे भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करते थे. इसके लिए वे सख्त राजनेता के तौर पर जाने जाते थे. वे किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते थे. उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का नारा दिया. जिससे राज्य के साथ ही देश में उनकी अलग छवि बनी.

### आज बंद रहेंगे स्कूल

राज्य में विद्यालय शिक्षा के अंतर्गत सभी शासकीय अशासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थान 20 तारीख को बंद रहेंगे. उत्तराखंड के माध्यमिक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक की तरफ से सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को दिए गए आदेशों में कहा गया है कि भूतपूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में 20 तारीख को उनकी अंत्येष्टि के दिन राज्य सरकार के समस्त कार्यालय बंद रहेंगे. ऐसे में राज्य में विद्यालय शिक्षा के अंतर्गत समस्त शासकीय अशासकीय और निजी शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों में शासन की ओर से जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए. 20 मई उत्तराखंड के सभी शिक्षण संस्थान और कार्यालय बंद रहेंगे।

### आज पुलिस सम्मान के साथ होगी अंत्येष्टि



खंडूड़ी का अंतिम संस्कार हरिद्वार में होगा। आज सुबह 10 बजे खंडूड़ी की अंतिम यात्रा निकलेगी। खंडूड़ी के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक के दौरान कोई भी शासकीय मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे. पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी की अंत्येष्टि 20 मई को पुलिस सम्मान के साथ संपन्न कराई जाएगी। अंत्येष्टि के दिन राज्य सरकार के सभी कार्यालय बंद रहेंगे।

## एक नजर .......

### खंडूड़ी ने हमेशा सादगी और राष्ट्रसेवा की मिसाल पेश की: प्रीतम सिंह

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल (से.नि.) भुवन चंद्र खंडूरी के आवास पहुंचकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रीतम सिंह ने कहा कि एक सैनिक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने हमेशा अनुशासन, सादगी और राष्ट्रसेवा की मिसाल पेश की। उनका निधन उत्तराखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिवार को इस असीम क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### अपना पूरा जीवन प्रदेश और देश की सेवा को समर्पित किया: नरेश बंसल

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने पूर्व मुख्यमंत्री,पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेजर जनरल(रिट.) भुवन चन्द्र खंडूरी के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि खंडूरी का निधन प्रदेश ही नहीं देश के लिए अपूरणीय क्षति है । उन्होंने कहा की उन्होंने अपना पूरा जीवन प्रदेश और देश की सेवा को समर्पित किया।उनका विकास के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणो मे स्थान एवं शोक संतप्त परिवार व सर्मथको को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे।

### उत्तराखंड निर्माण में खंडूरी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा: उनियाल

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। मंत्री सुबोध उनियाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान देश की संसद में पृथक राज्य उत्तराखंड की आवाज को प्रखरता से बुलंद करने से लेकर, बतौर मुख्यमंत्री प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और विकासपरक नीतियों की सुदृढ़ नींव रखने तक, खंडूरी का अद्वितीय योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मंत्री सुबोध उनियाल ने माँ कुंजापुरी से प्रार्थना करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों, सहयोगियों एवं समर्थकों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### महाराज ने पूर्व सीएम खंडूड़ी के निधन पर व्यक्त किया दु:ख

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। महाराज ने अपने शोक संदेश में कहा कि खंडूरी एक अनुशासित सैनिक, कुशल प्रशासक और उत्तराखंड के विकास के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पारदर्शी शासन और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विशेष बल दिया। उनका निधन उत्तराखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की।

### खंडूड़ी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद: गोदियाल

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केन्द्रीय परिवहन मंत्री मेज.जन. भुवन चन्द्र खंडूरी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति सांत्वना प्रकट की है। अपने शोक संदेश में गोदियाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी का आकस्मिक निधन प्रदेश एवं देश की अपूर्णीय क्षति है। उनका पूरा जीवन देश सेवा एवं समाज सेवा को समर्पित रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के आकस्मिक निधन पर विधायक लखपत सिंह बुटोला, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र शाह, मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, राजेश चमोली, पूर्व प्रमुख प्रदीप थपलियाल, अमेन्द्र सिंह बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र मोहन खर्कवाल, अखिलेश उनियाल, प्रशांत खंडूरी, ब्लाक अध्यक्ष ललित भद्री, अश्विनी बहुगुणा, जगदीश धीमान आदि कांग्रेसजनों ने भी गहरा शोक प्रकट किया है।

### अपने कार्यों के लिए सदैव याद किए जाएंगे खंडूड़ी: पुंडीर

**देहरादून।** वरिष्ठ भाजपा नेता और क्रीड़ा भारती उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने जो कार्य उत्तराखंड के लिए किए उनके लिए हमेशा याद किए जाएंगें। केंद्रीय परिवहन मंत्री रहते हुए खंडूड़ी ने कनेक्टिविटी को नए आयाम दिए। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कई बड़े फैसल लिए जो हमेशा उत्तराखंड की जनता को याद रहेंगे।

### सुबह 10 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में लाया जाएगा खंडूडी का पार्थिव शरीर

**देहरादून।** भाजपा परिवार अपने लोकप्रिय नेता और मार्गदर्शक पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी को उनके निधन पर 20 मई को, श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि प्रात: 10 बजे दिवंगत खंडूरी का पार्थिव शरीर बलबीर रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में लाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आम लोग उनका अंतिम दर्शन करेंगे और भावभीनी श्रद्धांजलि देंगे। जिसके उपरांत उनके पार्थिव शरीर अपनी अंतिम यात्रा को प्रस्थान करेगा।

## कड़क स्वभाव, ईमानदार छवि व साफ सुथरे राजनेता रही पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल सेवानिवृत्त भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे।

देहरादून के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर आते ही उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- खंडूड़ी का योगदान उत्तराखंड के विकास और साफ-सुथरी राजनीति के लिए हमेशा याद रखा जाएगा।

1 अक्टूबर 1934 को देहरादून में जन्मे भुवन चंद्र खंडूड़ी का जीवन अनुशासन सादगी और राष्ट्रसेवा की मिसाल माना जाता है। उनके पिता जय बल्लभ खंडूड़ी पत्रकार थे। उनकी मां दुर्गा देवी सामाजिक कार्यों से जुड़ी थीं। खंडूड़ी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय और सैन्य संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की।

उसके बाद भारतीय सेना की इंजीनियर्स कोर में शामिल हो गए. करीब 36 वर्षों तक सेना में सेवा देने के दौरान उन्होंने अपनी कड़क कार्यशैली और ईमानदार छवि से अलग पहचान बनाई।

1982 में उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। सेना से रिटायर होने के बाद उन्होंने राजनीति का रास्ता चुना. कहा जाता है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने उनकी प्रशासनिक क्षमता और साफ छवि को देखते हुए उन्हें सक्रिय राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद उन्होंने भाजपा के साथ अपना लंबा राजनीतिक सफर शुरू किया। वे कई बार गढ़वाल से सांसद चुने गए. वे केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भी रहे.

### सड़क वाले मंत्री के नाम से बनी पहचान

देश में जब राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का बड़ा नेटवर्क तैयार हो रहा था उस दौर में खंडूड़ी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय संभाल रहे थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को गति देने और सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है। पहाड़ी राज्यों में सड़क संपर्क सुधारने को लेकर उनकी विशेष रुचि थी। उत्तराखंड के लोग अक्सर कहते थे कि खंडूड़ी जहां जाते थे वहां सड़क पहुंच जाती थी। यही वजह थी कि उन्हें कई लोग प्यार से रोडमैन भी कहते थे। 2007 में भाजपा को उत्तराखंड में बहुमत मिला. भुवन चंद्र खंडूड़ी मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी छवि बेहद सख्त और ईमानदार प्रशासक की रही। वे फाइलों में देरी पसंद नहीं करते थे। अफसरों को समय पर काम पूरा करने की हिदायत देते थे. भ्रष्टाचार के खिलाफ खुलकर बोलते थे।

### लोकायुक्त, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी

लोकायुक्त विधेयक को लेकर बीसी खंडूड़ी ने ऐतिहासिक कदम उठाया था। साल 2011 में बीसी खंडूड़ी ने उत्तराखंड में सबसे सख्त लोकायुक्त कानून पास करवाया। उत्तराखंड में पास इस लोकायुक्त में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, आईएएस, आईपीएससहित सभी अधिकारी लोकायुक्त की जांच के दायरे में थे। इसमें भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का नियम था।

**ई-गवर्नेंस और पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी:** बीसी खंडूड़ी ने फाइल प्रोसेसिंग में तेजी, जन शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर में पारदर्शिता लाने की कोशिशें की. इसके लिए उन्होंने कई सुधार किये. बीसी खंडूड़ी को ई-गवर्नेंस और पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी के लिए जाना जाता है।

बीसी खंडूड़ी के निधन के बाद प्रदेशभर में शोक की लहर है. हर कोई बीसी खंडूड़ी को अपनी अपनी तरह से याद कर रहा है। इस मौके पर बीसी खंडूड़ी के बड़े फैसलों को याद किया जा रहा है। केंद्र से लेकर उत्तराखंड की राजनी. ति में बीसी खंडूड़ी ने कई बड़े काम किये।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.सी. खंडूड़ी के निधन पर उनके आवास पंहुच कर विधानसभा स्पीकर ऋतु खंडूड़ी से मिलकर शोक संवेदना जताई।

## खंडूड़ी का जाना मेरे लिए एक अभिभावक को खोने जैसा: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इसे राजनीति और सार्वजनिक जीवन विशेषकर पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा, शुचिता, पारदर्शिता और कड़े फैसलों से दिवंगत खंडूरी ने उत्तराखंड के विकास को एक नई



दिशा दी।

अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि आज हमने देश और राज्य के एक सच्चे नीतिवान, मार्गदर्शक और स्वच्छ राजनीति का प्रणेता को खो दिया है। कहा, खंडूरी का पूरा जीवन देश और उत्तराखंड की सेवा में समर्पित रहा। सेना में रहते हुए उन्होंने

**भाजपा परिवार ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं की व्यक्त**

मां भारती की रक्षा की, और राजनीति में कदम रखने के बाद उन्होंने शुचिता, पारदर्शिता और कड़े फैसलों से पहले बतौर केंद्रीय मंत्री, फिर बतौर सीएम देश और उत्तराखंड के विकास को एक नई दिशा दी। मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े रुख और प्रशासनिक सुधारों के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। उनका जाना मेरे व्यक्तिगत और पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए एक अभिभावक को खोने जैसा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि खंडूरी ने पूर्व पीएम बाजपेई के नेतृत्व में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना से देश को जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इसी तरह अपने सीएम काल में बुनियादी ढांचे, सड़कों के विकास व पारदर्शी शासन की जो मजबूत नींव उन्होंने रखी थी, उसी का परिणाम है कि आज उत्तराखंड विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### राष्ट्रसेवा और जनसेवा को समर्पित रहा खंडूड़ी का संपूर्ण जीवन: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को देहरादून स्थित बसंत विहार पहुंचकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सेवा. निवृत्त मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूड़ी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और जनसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि एक वीर सैनिक के रूप में मां भारती की सेवा करने से लेकर, एक कुशल प्रशासक और राजनेता के रूप में उत्तराखंड के नव-निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के विकास में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को सदैव स्मरण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बाबा केदार से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दु:ख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना भी की।

### सैन्य से सार्वजनिक जीवन के सफर में खंडूडी का कार्यकाल प्रेरणादायी: चौहान

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे देवभूमि की अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि जनरल खंडूरी को ऐसे नेता के तौर पर याद किया जायेगा जिन्होंने सैन्य और सार्वजनिक जीवन मे यादगार सफर तय कर विकास के कई आयाम गढ़े। चौहान ने कहा कि दिवंगत खंडूरी ने स्वच्छ, पारदर्शी और ईमानदार राजनीति की दिशा में मील का पत्थर स्थापित किया। जो आने वाली पीढ़ियों के राजनैतिक सफर में पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करता रहेगा। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि सेना में लंबी सेवा देने और सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने राजनीति के माध्यम से देश सेवा का जीवनपर्यंत विकल्प अपनाया। तदोपरांत उन्होंने बतौर सांसद, केंद्रीय मंत्री और अंतत: उत्तराखंड के सीएम के रूप में निर्विवाद कार्यशैली का आदर्श स्थापित किया। उनके द्वारा अपनी भूमिका के माध्यम से किए गए अभूतपूर्व विकास कार्य किए गए।

## खंडूड़ी का निधन पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति: हरीश

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददात**

**देहरादून।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खण्डूरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

मंगलवार को पूर्व सीएम खण्डूरी का लंबी बिमारी के बाद निधन हो गया, उनके आवास पर पहुंच कर पूर्व सीएम हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गया कि खंडूरी का निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सैनिक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में जिस ईमानदारी, अनुशासन और गौरव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा।

हरदा ने बीसी खण्डूरी की पुत्री और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी व मनीष खण्डूरी से मिल



**कांग्रेसियों ने खंडूड़ी के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की**

कर शोक व्यक्त किया और उन्हे ढ़ाढ़स बंधाया। हरीश रावत ने कहा कि खंडूरी अपने आप में एक अलग व्यक्तित्व थे।

सेना में रहते हुए उन्होंने राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं राजनीति में भी उन्होंने सादगी और पारदर्शिता की मिसाल कायम की। उनके प्रत्येक कार्यकाल को किसी न किसी जनहितकारी निर्णय और प्रशास. निक दृढ़ता के लिए याद किया जाएगा। कहा कि खंडूरी अजातशत्रु व्यक्तित्व के धनी थे। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सभी दलों में उनके प्रति सम्मान का भाव था। उनसे जुड़ी अनेक स्मृतियां और उनके कार्यशैली के किस्से हमेशा लोगों के बीच जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। उत्तराखंड की राजनीति और सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परि. जनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# लापरवाही स्वीकार नहीं: कुमार

## प्राथमिकता के आधार पर मिले योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने अल्मोड़ा पहुंचकर अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान आयोग अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराया जाए।




उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को आयोग अध्यक्ष के समक्ष रखा। इस दौरान सड़क, पेयजल, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, छात्रवृत्ति तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषय प्रमुखता से उठाए गए। आयोग अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे आमजन की समस्याओं का समाधान तेजी से हो सके तथा शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। बैठक में आयोग सदस्य विशाल मुखिया समेत अन्य मौजूद रहे।

## मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट लापरवाही पर नोटिस जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, राहत-बचाव उपकरणों की उपलब्धता और आपदा नियंत्रण कक्षों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग और संबंधित एजेंसियों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों, नालों और कलवर्टों की नियमित निगरानी कर समय पर सुरक्षात्मक कार्य करने को कहा।

साथ ही आपदा के दौरान त्वरित सूचना एवं राहत कार्यों के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने सिंचाई खंड रानीखेत के अधिशासी अभियंता के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

## एक नजर

### पुलिस ने कच्ची शराब की तीन भट्ठी तोड़ीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई पुलिस ने कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध कच्ची शराब की भट्टी व शराब बनाने वाले उपकरणों को ध्वस्त कर लगभग 12 हजार लीटर लहन नष्ट किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई के निर्देशन में आज कोतवाली आईटीआई पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम छोटी बरखेड़ी में खेतों/बहल्ला नदी के किनारे लगी अवैध कच्ची शराब की 3 भट्टियों तथा लगभग 12 हजार लीटर लहन को नष्ट किया गया है। इस कार्यवाही से कच्ची शराब बेचने व बनाने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविन्द बहुगुणा, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन, कांस्टेबल दीपक जोशी, रमेश बांग्याल व अमित राणा थे।

### महापौर बाली ने खंडूरी के निधन पर जताया शोक

**काशीपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय सेना के पूर्व मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर महापौर दीपक बाली ने गहरा शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए ईश्वर से पीड़ित परिजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। महापौर दीपक बाली ने कहा कि श्री खंडूरी अपनी साफ-सुथरी छवि, सादगीपूर्ण जीवनशैली और सख्त प्रशासनिक फैसलों के लिए पूरे देश में जाने जाते थे। उनके कार्यकाल में पारदर्शी शासन व्यवस्था और लोकायुक्त कानून को लेकर उठाए गए कदमों की व्यापक सराहना हुई थी। महापौर श्री बाली ने श्री खंडूरी के निधन पर कहा कि मैं उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं और परमपिता परमेश्वर से यह भी प्रार्थना करता हूं कि वह उनके परिवार को यह असहनीय कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करे।

### पक्षियों के लिए जल पात्र का वितरण

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित रामपुरम एक्सटेंशन कॉलोनी के बच्चों द्वारा पक्षियों के पीने के लिए जल पात्र का वितरण किया गया तथा कॉलोनी वासियों से अनुरोध किया गया कि आप इसमें हमेशा जल भर कर रखें जिससे पक्षी पानी पी सकें और उन्हें इतनी भयानक गर्मी में भी पानी की कमी महसूस न हो। कार्यक्रम में उपस्थित गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि अक्सर हम देखते हैं कि पशु पक्षी इस भयंकर गर्मी में पानी पीने के लिए तड़पते रहते हैं। यह हमारा छोटा सा प्रयास उनके लिए जल उपलब्धता को सुनिश्चित कर सकता है। आप देख सकते हैं कि इतनी गर्मी में हमारे आसपास के सभी जल श्रोत सूखे हुए हैं। अत: यह हम सबका प्रयास होना चाहिए कि पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो यह पक्षी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच सकते हैं और हमारी भावी पीढ़ियां इन्हें देखने से वंचित हो सकती हैं। कार्यक्रम में भाविका व अद्विका सहित अन्य बच्चे मौजूद रहे।

### चन्द्रावती महाविद्यालय में निबन्ध प्रतियोगिता

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'वर्तमान समय में बदलते पारिवारिक मूल्य' शीर्षक पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा गोला, द्वितीय स्थान सिमरजीत कौर एवं तृतीय स्थान सुरभि कश्यप ने प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका आत्रेय ने स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. वन्दना सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर मीनू शर्मा, निर्णायक मण्डल में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी एवं गीता मेहरा रहीं।

### पांच दिवसीय बाल चेतना शिविर का शुभारंभ

**काशीपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस बॉयस हॉस्टल की डायरेक्टर उर्वशी बाली ने हॉस्टल के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पाँच दिवसीय बाल चेतना शिविर की पूर्ण जानकारी लेते हुए आर्ट ऑफ लिविंग को इस कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया। आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिकाओं कृष्णा अरोड़ा तथा संगीता गुप्ता द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास में इसे सहायक बताया गया। इसमें योग, ध्यान और खेलों के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व को सँवारा जाता है। इस शिविर के द्वारा बच्चों का मानसिक तनाव दूर होता है और उनकी अध्ययन के प्रति एकाग्रता बढ़ती है। शिविरों में बच्चों को अनुशासन तथा बड़ों का आदर करना एवं समाज व देश के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को समझना सिखाया जाता है। कार्यक्रम में प्रथम दिन आर्ट ऑफ लिविंग की स्वयं सेविकाओं नेहा श्रीवास्तव, कविता तथा बॉयस हॉस्टल की प्रबंधक टीम के अतिरिक्त नीरू बाली और रूमा अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

### जनसमस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**अल्मोड़ा।** राज्य मंत्री एवं अनुसूचित आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार रानीखेत पहुंचे, जहां विधायक डा. प्रमोद नैनवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस माल रोड में उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने तहसील सभागार में खंड विकास अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, जिला पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्य मंत्री मुकेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए तथा आश्वासन दिया कि भविष्य में भी किसी प्रकार की समस्या आने पर आयोग तत्परता से उसका निस्तारण करेंगा।

## 54 किलो गांजा पकड़ा, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** देघाट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गांजे के साथ दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से वाहन में रखा 54.450 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार देघाट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान केदार उदयपुर रोड में ग्राम उदयपुर डोभरी गधेरा के पास कार संख्या सीएच 01 एआर 9289 को रोका। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में तीन कटों में रखा 54.450 किलो गांजा बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने आरोपी हिम्मत सिंह बोरा पुत्र हरि सिंह, निवासी वार्ड नंबर-9 प्राइमरी स्कूल दुर्गापुरी, रामनगर और भरत रावत पुत्र आनन्द सिंह रावत, निवासी नई बस्ती पुछड़ी, रामनगर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत 13 लाख 61 हजार से अधिक आंकी गई। टीम में थानाध्यक्ष देघाट अजेन्द्र प्रसाद, एएसआई गंगा प्रसाद, हेड कांस्टेबल करुण मिश्रा, कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह, नीरज बिष्ट शामिल रहे।

## 37 की उम्र में भी नहीं बना आधार

### सरकारी योजनाओं से वंचित युवक ने डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** आधार कार्ड न बन पाने की समस्या को लेकर एक युवक दर-दर भटकने को मजबूर है। 37 वर्षीय युवक का आज तक आधार कार्ड नहीं बन पाया, जिसके चलते उसका परिवार सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रह गया है। दुगनाकुरी तहसील के ग्राम सुरकाली निवासी बलवंत राम पुत्र बहादुर राम ने बताया कि उन्होंने आधार कार्ड बनवाने के लिए कई बार सीएससी सेंटर और आधार नामांकन केंद्रों के साथ साथ जिला मुख्यालय के आधार केन्द्रों के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। लगातार प्रयासों के बावजूद आज तक उनका आधार कार्ड नहीं बन सका है। आधार कार्ड न होने के कारण बलवंत राम का परिवार कई सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री अन्न श्री योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और न ही मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में मजदूरी करने का अवसर मिल पा रहा है। बलवंत राम ने बताया कि उनके तीन बच्चे क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत हैं, लेकिन पिता का आधार कार्ड न होने के कारण बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। चारों ओर से परेशान और थके-हारे बलवंत राम ने अब जिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई है। उन्हें उम्मीद है कि डीएम के निर्देश के बाद आखिरकार उनका आधार कार्ड बन सकेगा और उनका परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर पाएगा।



## अल्मोड़ा पुलिस ने मौके पर उतरवाया हूटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान एक वाहन में अनाधिकृत रूप से हूटर लगा मिला। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही हूटर उतरवाया और चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह और सीओ यातायात बलवंत सिंह रावत के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस ने चालक को भविष्य में नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त चेतावनी भी दी।

## चेकिंग के दौरान दो वाहन चालकों पर की कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** जनपद में यातायात नियमों के पालन को लेकर अल्मोड़ा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में सोमेश्वर और लमगड़ा पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने दो कारों में नियम विरुद्ध लगी काली फ़िल्म को मौके पर हटवाया तथा वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की। कोतवाली सोमेश्वर में प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन जोशी और लमगड़ा में थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई होगी।

## नेपाली युवक ने जंगल में लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** रीमा पुलिस चौकी क्षेत्र में एक 20 वर्षीय नेपाली युवक द्वारा जंगल में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाल के मस्टा गांव निवासी हिमाल बोहरा पुत्र दल बहादुर बोहरा कुछ दिन पहले अपने ताऊ के साथ रीमा क्षेत्र आया हुआ था। यहां उसके ताऊ-ताई सहित अन्य ग्रामीण मजदूरी का कार्य करते हैं। परिजनों ने बताया कि हिमाल ने नेपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी, लेकिन कुछ समय से वह नशे की लत का शिकार हो गया था। परिवार उसे नशे से दूर करने के उद्देश्य से नेपाल से रीमा लेकर आया था। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर करीब दो बजे युवक घर से कहीं चला गया। देर शाम जब क्षेत्र की महिलाएं जंगल में पिरूल लेने गईं, तो उन्होंने बूंगाधार के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा। महिलाओं ने तत्काल गांव में इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर रीमा चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान हिमाल बोहरा के रूप में होने के बाद परिजनों को घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हालांकि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## एसटीएच में फायर मॉकड्रिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय परिसर में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर व्यापक फायर मॉक ड्रिल की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड बॉय, वार्ड आया एवं अन्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम के उपायों की व्यावहारिक जानकारी देना था। इस दौरान उप प्रबंधक विद्युत रवि पाल ने बताया कि लकड़ी, कपड़ा, फर्नीचर, घरेलू गैस, डीजल, लुब्रिकेंट एवं विद्युत शॉर्ट सर्किट आग लगने के प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर आधुनिक अग्निशमन यंत्र लगाए गए है, जिनमें मोनो अमोनियम फॉस्फेट केमिकल का उपयोग होता है, जो विभिन्न प्रकार की आग पर प्रभावी नियंत्रण करने में सक्षम है। मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को वार्ड, कार्यालय एवं अस्पताल के अन्य स्थानों पर आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बताया गया कि किसी भी अग्नि दुर्घटना की स्थिति में तत्काल मु य विद्युत केंद्र को सूचित किया जाए ताकि विद्युत आपूर्ति बंद कर बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से समय-समय पर अग्निशमन संबंधी प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना आवश्यक है। डा. सुभाष जोशी, डा. पंकज वर्मा, डा. महिमा संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ, अधिकारी, कर्मचारी, फायरमैन एवं सुरक्षा गार्ड मौजूद रहे।



## एससी गुड़िया आईएमटी में जॉब फेयर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में एससी गुड़िया आईएमटी एवं आईसीए के संयुक्त तत्वाधान में एक जॉब फेयर का भव्य आयोजन किया गया।

संस्थान की प्राचार्या डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दोनों ही संस्थान के संयुक्त प्रयासों से संस्थान और चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए इस जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस फेयर में विद्यार्थियों के लिए देश की नामी गिरामी कंपनियों द्वारा कई राउंड के साक्षात्कार के पश्चात उनका प्लेसमेंट किया जाएगा। जॉब फेयर में 11 कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। जॉब फेयर में संस्थान के बीबीए, बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स), बीबीए एलएलबी एवं एमबीए के लगभग डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आईसीए की निदेशक सपना अरोरा सहित संस्थान के निदेशक गण, फैकल्टी एवं स्टाफ उपस्थित रहा। इस जॉब फेयर में संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी आनंद सिंह का सहयोग रहा।

## सरयू वैली और शामा में बनेंगे विद्युत सब स्टेशन

**बागेश्वर।** कपकोट विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत सरयू वैली एवं शामा क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन स्थापना हेतु 7.54 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। स्वीकृत धनराशि में से प्रथम किस्त के रूप में 2 करोड़ रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने बताया कि विद्युत सब स्टेशन बनने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी तथा लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज और विद्युत कटौती की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर विद्युत सुविधा, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक गढ़िया ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है।

## निशुल्क होम्योपैथिक शिविर में 91 लोगों ने लिया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** मंगलवार को स्वच्छता कार्यक्रम के तहत नगर पालिका सभागार में पर्यावरण मित्रों एवं डोर-टू-डोर कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच, जागरूकता अभियान एवं निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनोद सिंह जीना तथा प्रभारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी बागेश्वर डा. शिखा सम्मल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डा. शिखा सम्मल ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाते हुए प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा होम्योपैथिक परामर्श प्रदान किया। वहीं राजकीय जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय बागेश्वर के फार्मेसी अधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा निशुल्क होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया। इस मौके पर सिटी मिशन मैनेजर उर्मिला बिष्ट ने प्रतिभागियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 91 प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में पर्यावरण पर्यवेक्षक राजवीर, सखी स्वायत्त सहकारिता समिति की अध्यक्ष प्रेमा, कोषाध्यक्ष संगीता साह, पर्यावरण मित्र गीता, सरोज, कृष्णा, दीपमाला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक-अभिभावक समिति का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पीएम श्री वीएमजेएस राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर में शिक्षक-अभिभावक समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। शिक्षक-अभिभावक समिति के अध्यक्ष पद पर हेमा देवी तथा उपाध्यक्ष पद पर प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी निर्वाचित किए गए। समिति में सदस्य के रूप में प्रेमा देवी, कविता देवी, रंजना गढ़िया, रेखा देवी, नीमा वर्मा एवं बीना देवी को चुना गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बबीता देवी को निर्वाचित किया गया, जबकि उपाध्यक्ष एवं सचिव के रूप में प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी मनोनीत हुए। शिक्षक सदस्यों के रूप में सुरेश राम, जितेंद्र वर्मा, चंपा बोरा एवं मनोज असवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान प्रधानाचार्य ने गृह परीक्षाओं एवं परिषदीय परीक्षाओं के परिणाम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता संजय कुमार टम्टा ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मेधावी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विद्यालय की कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत 16 छात्र-छात्राओं को कुल रुपये 2,00,400 की छात्रवृत्ति उनके अभिभावकों की उपस्थिति में प्रदान की गई। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने अभिभावकों से विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने, बच्चों को मोबाइल फोन एवं नशे की प्रवृत्तियों से दूर रखने तथा अनुशासित वातावरण बनाने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में राजेश कुमार आगरी, हेम जोशी, गोविंद प्रकाश, राजेंद्र प्रसाद, हेमलता लोहनी, दीक्षा दानू, इंद्रा दानू सहित कई शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।



## सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग करें कार्यकर्ता

### भाजपा: पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान में कल्याण योजनाओं पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान के द्वितीय दिन विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हीरा सिंह कर्मियाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सह संयोजक सोशल मीडिया गंधार अग्रवाल मौजूद रहे। उन्होंने सोशल मीडिया के बारे में बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग करने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में मीडिया प्रबंधन विषय पर चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद सिंह टांगणिया ने की तथा बागेश्वर जिला सह प्रभारी बसंत जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। तृतीय सत्र में सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं एवं क्रियान्वयन विषय पर चर्चा हुई। इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता मदन राम आगरी ने की। मुख्य वक्ता राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हर कार्यकर्ता की है। चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भरियाल ने की। इस दौरान राज्य मंत्री कैलाश पंत ने 'विचार परिवार' विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर जिला अध्यक्ष ने दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान में लगातार सहयोग और सहभागिता के लिए सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं दायित्वधारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, विधायक पार्वती दास, विधायक सुरेश गढ़िया, जिला प्रभारी कुंदन लटवाल, बसंत जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, विक्रम सिंह शाही सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**

निविदा संख्या 01, 02, 03 एवं 04/2026-27 की समयवृद्धि सूचना प्रथम

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या EE(O&M)/PTCUL/400KV/KSP/01,02,03,04/2026-27 अपरिहार्य कारणवश विस्तारित की जाती है। निविदा डाउनलोडिंग की अन्तिम तिथि क्रमश: 27.05.2026 तक तथा निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 05.06.2026 को 17:00 बजे तक एवं निविदा खुलने की तिथि 08.06.2026 को 17:00 बजे तक विस्तारित की जाती हैं।

निविदा सम्बन्धी जानकरी वेबसाइट www.ptcul.org एवं मोबाइल सं0 917503394904 से प्राप्त की जा सकती हैं। उक्त निविदाओं की शेष नियम व शर्तें यथावत् रहेंगे।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

(अधिशासी अभियंता)
400 केवी (परि. एवं अनु.) खण्ड, काशीपुर

संख्या 419/अधि.अभि.(का)
दिनांक 19-05-2026

## प्रताप सिंह बिष्ट बने कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के नगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कालाढूंगी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल छिमवाल की सहमति एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पांडे की अनुशंसा पर कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के जिलाध्यक्ष रिटायर्ड सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता ने वरिष्ठ कांग्रेसी एवं रिटायर्ड सूबेदार मेजर प्रताप सिंह बिष्ट को कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग कालाढूंगी का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रताप सिंह बिष्ट की नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई, दो सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नो पार्किंग जोन और हाईवे की सर्विस लाइन में खड़े वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान वीआईपी गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, गुरुद्वारा मार्केट और डिपो नंबर-4 क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया। सहायक परिवहन अधिकारी गोविन्द सिंह ने बताया कि अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने की अपील की है।

# निर्माण एजेंसियों को कड़ी हिदायत

## बरसात से पहले निर्माणाधीन सड़कों का कार्य पूरा करना बेहद ज़रूरी: नवीन वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानसून से पहले शहर की सड़कों और नालियों को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर

### यूयूएसडीए कार्यालय में समीक्षा बैठक

### रोडवेज बस स्टैंड को अस्थायी रूप से ट्रांसपोर्ट नगर स्थानांतरित करना आवश्यक

दी है। यूयूएसडीए की समीक्षा बैठक में दर्जा राज्यमंत्री नवीन वर्मा ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माणाधीन सड़क कार्य जल्द




पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जनता को जलभराव और आवागमन की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीवर और पेयजल लाइन बिछाने के बाद चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में चार प्रमुख कंपनियों टीसीपी, यूवीआरपीएल, बीपीआरपीएल और आरएसीपीएल के अधिकारियों ने भाग लिया। नवीन वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात शुरू होने से पहले महानगर के सभी वार्डों में निर्माणाधीन सड़कों की मरम्मत और कार्य पूरा किया जाए, ताकि बारिश के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह बहुउद्देशीय परियोजना शहर के समग्र विकास को दर्शाती है और इसकी समयावधि चार वर्षों की है। ऐसे में जनता को भी धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियां जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रात्रि में भी कार्य कर रही हैं, इसलिए परियोजना को पूरा होने में कुछ समय लगना स्वाभाविक है। बैठक में विशेष रूप से तीनपानी से काठगोदाम तक निर्माणाधीन हाईवे परियोजना की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तीनपानी से नवीन मंडी तक तथा निर्मला स्कूल से नरिमन चौराहे तक का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रोडवेज बस स्टैंड को अस्थायी रूप से ट्रांसपोर्ट नगर स्थानांतरित करना आवश्यक होगा, तभी नमो भवन निर्माण कार्य शुरू किया जा सकेगा। उन्होंने नगर प्रशासन को भी निर्देश दिए कि बरसात से पहले शहर की नालियों की सफाई का कार्य पूरी तरह संपन्न कर लिया जाए। विशेष रूप से टेड़ी पुलिया और तिकोनिया चौराहे पर बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को देखते हुए नालियों की सफाई प्राथमिकता से कराने को कहा गया। साथ ही तिकोनिया से नगर निगम तक बंद पड़ी नाली को जल्द साफ कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

## चेन स्नैचिंग मामले में मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** पॉलीशीट क्षेत्र में शाम की सैर पर निकली एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सरेआम सोने का मंगलसूत्र झपट मार कर फरार हो गये थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला नीता शाह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती आठ मई की देर शाम वह सड़क किनारे टहल रही थीं। इसी दौरान जगदंबा बैंक्विट हक्ल्ल के पास बाइक पर सवार दो युवक उनके गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गयी। बुजुर्ग महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 11 दिन बात अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी। सीओ सिटी अमित कुमार ने बताया कि मामले में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# महिला की मौत के बाद पोस्टमार्टम में देरी पर हंगामा

## परिजनों और डॉक्टर के बीच नोकझोंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रुद्रपुर निवासी साइन अरोरा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हल्द्वानी मोर्चरी में पोस्टमार्टम को लेकर जमकर हंगामा हो गया। पोस्टमार्टम में देरी से नाराज परिजनों की मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक विभागाध्यक्ष से तीखी नोकझोंक हो गई, यहां तक कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को शांत कराया। जानकारी के अनुसार रुद्रपुर आवास विकास निवासी व्यवसायी अनमोल अरोरा की 29 वर्षीय पत्नी साइन अरोरा रात में सोने के बाद सुबह उठ नहीं सकी। जब उन्हें जिला अस्पताल लाया गया तो वहां चिकित्सकों ने साइन को मृत घोषित कर दिया। रुद्रपुर में पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों का पैनल उपलब्ध नहीं होने के कारण महिला के शव को 30 किलोमीटर दूर हल्द्वानी लाया गया। जिसपर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते पोस्टमार्टम घंटों तक अटका रहा, इससे नाराज स्वजन आग बबूला हो गए। महिला के शव को मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हल्द्वानी मोर्चरी लाया गया। यहां फारेंसिक विभाग के एचओडी ने शव के ईसीजी रिपोर्ट न होने और पुलिस की ओर से शव को अनशिल्ड अवस्था में भेजे जाने पर आपत्ति जता दी। परिवार वालों के सामने यह बात आने पर वे भड़क गए और पोस्टमार्टम हाउस परिसर में हंगामा शुरू हो गया। परिवार वालों ने साफ कहा कि पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते उन्हें क्यों परेशानी में डाला जा रहा है। बाद में आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद शाम करीब पांच बजे पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# शिव महापुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के डहरिया स्थित महाकाली बैंकट हॉल में आयोजित शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा के दौरान प्रख्यात कथा वाचक कैलाश भट्ट ने शिव महा. पुराण के महत्व और विद्येश्वर संहिता के विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया। कथा वाचन के दौरान उन्होंने बताया कि 24 हजार श्लोकों से युक्त शिव महापुराण सात संहिताओं में विभाजित है, जिसमें भगवान शिव की महिमा और सृष्टि के विभिन्न रहस्यों का विस्तार से वर्णन किया गया है। उन्होंने ब्रह्मा और विष्णु के बीच हुए विवाद तथा भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग स्वरूप में प्रकट होकर दोनों देवताओं को दीक्षा देने की कथा को विस्तार से सुनाया।



कथा वाचक कैलाश भट्ट ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही भगवान विष्णु की उत्पत्ति हुई और भगवान विष्णु की नाभि से निकले कमल से ब्रह्मा जी का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि शिव महा. पुराण की कथा सुनने मात्र से व्यक्ति के अनेक जन्मों के पाप और संताप समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने इसकी तुलना प्रचंड अग्नि से करते हुए कहा कि जिस प्रकार अग्नि के संपर्क में आते ही सूखा तिनका भस्म हो जाता है, उसी प्रकार शिव कथा मनुष्य के पापों का नाश करती है। कथा स्थल पर धार्मिक वातावरण और भक्ति भाव से श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। कार्यक्रम के दौरान मधुबाला साह, अजय साह, संजय साह, नवीन जोशी, दिनेश जोशी, कैलाश कांडपाल, हेमंत कांडपाल और उमेश पांडे सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गल्ला मंडी डबल मर्डर केस में चार्जशीट दाखिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तीन माह पूर्व गल्ला मंडी क्षेत्र में हुए चर्चित प्रेमी युगल हत्याकांड मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ 94 पन्नों की चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी है। पुलिस ने घटना के अगले दिन ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बता दें कि बीती 12 फरवरी की सुबह गल्ला मंडी के बाहर युवक और युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद हल्द्वानी निवासी गौरव नेगी उर्फ अक्कू ठाकुर, सौरभ भट्ट उर्फ भटिया, दीपू शर्मा उर्फ ध्रुव और दीपेश लटवाल उर्फ राज को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि रात को पार्टी के दौरान चारों का शुभम टम्टा निवासी अल्मोड़ा और लक्ष्मी पोखरिया निवासी नैनीताल से विवाद हो गया। जिसके बाद आरो. पियों ने पत्थरों से कूचकर लक्ष्मी और शुभम की निर्मम हत्या कर दी थी। इधर सीओ अमित सैनी ने बताया कि 94 पन्नों की चार्जशीट सिविल कोर्ट हल्द्वानी में दाखिल कर दी है। घटनाक्रम, गवाहों के बयान, सीसीटीवी फुटेज और घटना में इस्तेमाल पत्थरों सहित सभी अहम साक्ष्यों का उल्लेख किया गया है।

# राजपुरा में नशा कारोबार पर गुस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा क्षेत्र में अवैध नशे और सट्टे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मंगलवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल का घेराव कर शीघ्र ही नशा करोबारियों पर अंकुश लगाने के साथ ही सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान क्षेत्र जनप्रतिनिधियों ने एसपी सिटी से कहा कि क्षेत्र में नशे और सट्टे का अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद कोई ठोस कदम न उठाया जाना गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत युवाओं का भविष्य



बर्बाद कर रही है। यदि जल्द ही कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजपुरा पुलिस चौकी पर तस्करों और नशा कारोबा. रियों को संरक्षण मिलने की वजह से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि शिकायत करने वालों को धमकाने और डराने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। घेराव करने वालों में हेमंत साहू, मलय बिष्ट, पार्षद धर्मवीर, विजेन्द्र चौहान, राजों टंडन, त्रिलोक बनौली, सुमित कुमार, संजय शेखर, सूरज प्रकाश, तलत एतेशाम, नवीन चौहान, मो. दिलशाद, दिनेश चौहान, अशोक पांडे, राज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड में गतका को नई पहचान दिलाने में जुटी गतका एसोसिएशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड गतका एसोसिएशन जो कि नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया से संबद्ध है, पिछले कई वर्षों से प्रदेश में गतका खेल के प्रचार-प्रसार और युवाओं को मार्शल आर्ट्स से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। एसोसिएशन ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं तथा युवाओं को नशे और अन्य गलत गतिविधियों से दूर रखने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह बात उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी हरप्रीत सिंह ने कहीं। गतका एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी हरप्रीत सिंह ने कहा कि मीरिपीरी खालसा एकेडमी में 14 मई से 30 मई तक गतका समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके बाद 1 जून से 10 जून तक काशीपुर स्थित श्री ननकाना साहिब गुरुद्वारे में गतका कैंप लगाया जाएगा। वहीं 25 मई को सितारगंज के पास स्थित एसके पब्लिक स्कूल में भी विशेष गतका प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा इन प्रशिक्षण शिविरों में मुख्य रूप से मनराज सिंह, हर्षदीप सिंह, गुरसे. हज सिंह, वंशदीप सिंह, जसकरण सिंह, उलवंत सिंह, जगजोत सिंह और साहबदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी विभिन्न स्थानों पर जाकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगस्त और सितंबर माह में जिला स्तरीय गतका चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी, जिसके बाद उत्तराखंड गतका एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

# सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जनपद के अंतर्गत सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की पहल पर मंगलवार को कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों को एबीडीएम, एचएमआईएस के उपयोग समेत विभिन्न जानकारियां दी गई। अपर मु य चिकित्सा अधिकारी डा. श्वेता भंडारी की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर एबीडीएम उत्तराखंड की प्रबंधक प्रज्ञा पालिवाल ने कहा कि राज्य मिशन के निदेशक के निर्देशों पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन



(एबीडीएम) के अंतर्गत हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर), हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर), हेल्थ रिकार्ड लिंकेज, स्कैन एंड शेयर, स्कैन एंड पे, एबीडीएम कंप्लायंट एचएमआईएस के क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि एबीडीएम का क्रियान्वयन हेल्थ सेक्टर में अनिवार्य है। प्रदेश के सभी जनपदों में मॉडल फेसिलिटी पर कार्य किया जा रहा है। आभा के जरिए स्कैन एंड शेयर कर लाभार्थियों को आसान सेवाएं उपलब्ध हो रही है। कार्यशाला में एबीडीएम की संपूर्ण प्रक्रिया व उसके महत्व के बारे में प्रोजेक्टर के जरिए समझाया गया। कार्यशाला का संचालन डीपीएम मदन मेहरा ने किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, सरकारी व निजी अस्पताल व एनआईसी के प्रति. निधियों समेत सहायक निदेशक द्रौपदी गर्ब्याल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आरके जोशी, डा. मणीभूषण पंत, तिलोत्मा यादव, पंकज तिवारी, दीवान बिष्ट, हेम जलाल, सरयू नंदन जोशी, दिनेश बोरा, देवेंद्र बिष्ट, रवि उप्रेती, बीना मेहरा, पूर्णिमा जंतवाल, अवनीश, ललित, राघवेंद्र रावत, आनंद खंडूरी, हिमांशु, एबीडीएम टीम के अमृत पोखरियाल, हार्दिक उपाध्याय, अंकुर यादव आदि मौजूद रहे।

# चेकिंग के दौरान सिपाही पर चढ़ाई बुलेट

## पैर में चोट, आरोपी पुलिस हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी के पैर पर बुलेट बाइक चढ़ाकर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घायल कांस्टेबल के पैर का मंगलवार को निजी अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार देर शाम पुलिस और सीपीयू मिलकर हीरानगर चौकी के ठीक सामने चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखाने की तरफ से आए एक बुलेट सवार युवक को कांस्टेबल ललित नाथ ने रोकना चाहा। चालान के डर से युवक ने सिपाही के पैरों पर ही गाड़ी चढ़ा कर आगे गली को बढ़ा दी। घायल सिपाही को साथी पुलिसकर्मी सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। जहां पांव में फैक्चर आया। जिसके बाद सिपाही को एक निजी अस्पताल लाया गया जहां पर उसका सफल ऑपरेशन किया गया। पुलिस ने कुछ ही देर में आरोपी बुलेट चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। सीओ अमित सैनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कोतवाली हल्द्वानी में आरोपी सफदर का बगीचा, वनभूलपुरा निवासी सुलेमान को पर मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है।

# पूर्व सीएम भुवन चन्द्र खंडूडी के निधन पर शोक

## राज्यपाल गुरमीत सिंह और सांसद अजय भट्ट ने बताया अपूर्णीय क्षति



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेनि.) के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास, सुशासन और सैनिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने में मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेनि.) का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। **वहीं**, सांसद अजय भट्ट ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भट्ट ने अपने शोक संदेश में कहा कि मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी का निधन उत्तराखंड और देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में ईमानदारी, सादगी और अनुशासन की मिसाल पेश की। उनके नेतृत्व और कार्यशैली से लाखों लोग प्रेरित हुए। उत्तराखंड के विकास और जनसेवा में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। भट्ट ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इधर, मीडिया सेंटर कार्यालय पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला के नेतृत्व में मौजूद अधिका. रियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

## ईमानदारी और सुशासन के प्रतीक बताए गए खंडूड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन ने कहा कि खंडूड़ी ईमानदारी, अनुशासन और सुशासन की मिसाल थे, जिनका योगदान उत्तराखंड के विकास में अविस्मरणीय रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा ने कहा कि यदि भुवन चंद्र खंडूड़ी को अधिक समय तक नेतृत्व करने का अवसर मिलता, तो राज्य की दिशा और दशा और बेहतर होती। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर काफी हद तक अंकुश लगा और प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूती मिली। उन्होंने कहा कि राज्य ने एक दूरदर्शी और कुशल नेतृत्व को खो दिया है, जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, केंद्रीय संयोजक धर्म यादव, प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूरन लाल साह, देवेश अग्रवाल, दीपक माहेश्वरी, कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, चमन गुप्ता, राजेश साहू, अश्मित गुजराल, अशोक वार्ष्णेय, संजय वर्मा, अमरजीत सहित अनेक सदस्य शामिल रहे।

## सादगी और ईमानदारी के साथ राष्ट्रसेवा की

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सेवानिवृत्त जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय ने गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि जनरल खंडूड़ी ने अपने अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व से उत्तराखंड की प्रगति को नई दिशा दी। डा. उपाध्याय ने कहा कि जनरल खंडूड़ी ने भारतीय सेना और सार्वजनिक जीवन में निष्ठा, अनुशासन, सादगी और ईमानदारी के साथ राष्ट्रसेवा की। उनके उच्च आदर्श, कर्मप्रधान जीवन और जनकल्याण के प्रति समर्पण सदैव लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## खंडूरी ने रखी थी स्वतंत्र ऑडिट निदेशालय की नींव: कार्मिक एकता मंच

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सेवानिवृत्त मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि राज्य में स्वतंत्र ऑडिट निद. शालय और सख्त ऑडिट एक्ट की नींव रखने के लिए खंडूरी जी को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खंडूरी सरकार के दौरान ऑडिट विभाग की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर पहल की गई थी, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में मजबूत आधार तैयार हुआ। रमेश पाण्डे ने कहा कि वर्तमान में ऑडिट एक्ट के उल्लंघन की स्थिति चिंताजनक है और सरकार को इसके प्रभावी पालन के साथ लंबित घोटालों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## व्यापार मंडल ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय गुरुनानक मार्केट में सोमवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भुवन चंद्र खंडूरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शोक सभा आयोजित की गई। सभा में व्यापार मंडल पदाधिकारियों, राज्य आंदोलनकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष एवं राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूरी ने केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य और देश के लिए जो कार्य किए, उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भुवन चन्द्र खंडूरी के निधन से उत्तराखंड ने एक ईमानदार और दूरदर्शी नेता को खो दिया है। शोक सभा में राज्य आंदोलनकारी बृज मोहन सिजवाली, उमेश बेलवाल, आफताब हुसैन, अनिल खंडेलवाल, दीपक रौतेला, बालम सिंह बिष्ट, रजत पंत, पंकज सुयाल, श्याम सिंह नेगी, विपिन कांडपाल, जसपाल कोहली, हिमांशु मेर सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन लगाम जारी

**हल्द्वानी।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस का ऑपरेशन लगाम लगातार जारी है। एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस, यातायात पुलिस और सीपीयू ने नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान रैश ड्राइविंग करने वाले 53 वाहन चालकों का चालान किया गया। इनमें 10 वाहन सीज किए गए, जबकि एक ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की गई। इस दौरान 17 हजार रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। वहीं ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए चार चालान किए गए और दो वाहन सीज किए। रांग साइड वाहन चलाने वाले 12 चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। एक वाहन सीज और एक डीएल निलंबित किया।

# सोनपाल शाखा अध्यक्ष, प्रकाश बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के रानीखेत डिपो में शाखा चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिका. रियों को यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने निगम हित और कर्मचारी हित में कार्य करने की शपथ दिलाई। चुनाव में सर्वसम्मति से सोनपाल श्रीवास्तव को



शाखा अध्यक्ष तथा प्रकाश सिंह बिष्ट को शाखा मंत्री चुना गया। इसके अलावा गणेश आर्य को शाखा उपाध्यक्ष, दीवान सिंह परिहार को संयुक्त मंत्री, मनोज अधिकारी को संगठन मंत्री और प्रमोद गंगोला को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जीवन जोशी, रविंद्र प्रसाद, प्रकाश लाल, लक्ष्मण सिंह, कन्हैया लाल, मोहम्मद जफर, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, फकीर सिंह, रमेश नेगी, गुर. विंदर सिंह, खेम सिंह और हिम्मत सिंह को शामिल किया गया। वहीं सतीश उपाध्याय को क्षेत्रीय प्रतिनिधि तथा रमेश कुमार को प्रांतीय प्रतिनिधि चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि वे परिवहन निगम की उन्नति और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने रोडवेज का बस बेड़ा बढ़ाने, कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने तथा बंद पड़े मार्गों को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने की मांग को प्राथमिकता देने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, प्रांतीय उपाध्यक्ष एलडी पालीवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, मनोज भट्ट, रूप किशोर सागर, दिनेश दुमका, बीके राय, ललित पांडे, हरीश रावत समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कोल्ट्स क्रिकेट ने कब्जाई ट्रॉफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान मे कराई जा रही अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का मंगलवार को फाइनल मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना में डीके स्पोर्ट्स और कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने डीके स्पोर्ट्स को 57 रनों हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 40वें ओवर में सभी विकेट खोकर 245 रन बनाए। टीम के लिए विवेक कुमार के शानदार प्रदर्शन करते हुए 115, कनिष्क बिष्ट 29, कार्तिक रावत के 26, कुनाल सिंह हलसी के 25 और कार्तिक जोशी के 22 रन बनाए। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज देवांग नेगी ने 3 और राकेश बिष्ट ने 2 विकेट लिए। 245 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में



उतरी डीके स्पोर्ट्स की पूरी टीम 40वें ओवर में 188 रन बनाकर आल आउट हो गई, और 57 रनों से मैच हार गई। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कनिष्क बिष्ट और हरमन सिंह ने 3-3 जबकि कार्तिक जोशी ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व मैन ऑफ-द सीरीज का पुरस्कार कोल्ट्स क्रिकेट के बल्लेबाज विवेक कुमार के नाम रहा। जबकि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के देवांग नेगी को दिया गया। अंपायर की भूमिका में भूपेश शाही और हिमांशु चतुर्वेदी जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। फाइनल मैच के विशेष अतिथि सीनियर क्रिकेटर जगदीश बोरा, संजय चौधरी, विजय कुकसाल और मोहम्मद रेहान ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी, करन बिष्ट, विजय आर्या, पंकज गुरुरानी, दिग्विजय कनवाल, मनोज भट्ट, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अब पीएसी जवान करेंगे शहर की सुरक्षा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शहर में पिछले दिनों शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की वारदातों के व्यापारियों के असंतोष और सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से मुलाकात की। इस दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लंबी और अहम वार्ता हुई, जिसमें रात के समय बाजारों और संवे. दनशील इलाकों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया।

- महापौर विकास शर्मा की पहल पर बनी नई सुरक्षा रणनीति
- रातभर बाजार क्षेत्र में गश्त करेंगे पीएसी जवान

बैठक में तय हुआ कि अब शहर की रात की सुरक्षा व्यवस्था में पीएसी के जवानों की अलग से तैनाती की जाएगी। एसएसपी अजय गणपति ने तत्काल प्रभाव से एक प्लाटून पीएसी तैनात करने के निर्देश जारी किए। यह पीएसी बल रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करेगा। पीएसी जवानों की निगरानी और संचालन के लिए एक सब इंस्पेक्टर को भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दरअसल बीते दिनों मटके वाली गली सहित शहर के चार प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की घटनाओं के बाद व्यापारियों में नाराजगी थी। व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की थी। महापौर विकास शर्मा ने एसएसपी से वार्ता के बाद बताया कि व्यापारियों के सुझावों के आधार पर शहर के कई संवेदनशील प्वाइंट चिन्हित कर लिए गए हैं, जहां पीएसी जवानों की विशेष तैनाती रहेगी। इसके अलावा शहर की गलियों और बाईपास मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रात में लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए पुलिसकर्मियों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई हो सके।

# एक ही रात में तीन दुकानों में सेंधमारी

- व्यापार मंडल अध्यक्ष की दुकान से नौ लाख चोरी
- पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच में जुटी



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर में चोरों ने एक ही रात में व्यापार मंडल अध्यक्ष समेत तीन व्यापारियों की दुकानों में सेंधमारी कर लाखों रुपयों की नगदी उड़ा ली। नगर में तीन दुकानों में हुई चोरी से नगर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चोरी की घटनाओं की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और तीनों दुका. नों में बारीकी से साक्ष्य जुटाने का कार्य शुरू किया।

सोमवार देर रात्रि चोरों ने मेलाघाट रोड स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की मोबाइल कम्युनिकेशन दुकान, संजय इलेक्ट्रानिक, किशनलाल जनरल स्टोर में सेंधमारी कर लाखों रुपयों की नगदी चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल दुकान का शटर खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा गल्ले की दोनों दराजें खुली थी, उनके लॉक टूटे थे तथा उसमें रखे बिक्री की रकम के लगभग नौ लाख रुपये की नगदी गायब थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर रात्रि में दुकान की छत पर मुमटी काटकर दुकान के अंदर घुसे है। वहीं चोरों ने संजय इलेक्ट्रानिक से दुकान के गल्ले में रखे पांच हजार व किशनलाल जनरल स्टोर के गल्ले में रखे दो हजार रुपये भी चोरी कर ले गए। चोरी की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानों का निरीक्षण कर जायजा लिया। नगर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासे की मांग की है। कोतवाल विजेंद्र शाह ने बताया कि चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया गया।

## एक नजर

### बाजपुर के इटव्वा व महौली जंगल में आबकारी ने दी दबिश

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी आयुक्त के आदेश पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण व बिक्री भंडारण के अड्डों को समूल विनिष्टीकरण के क्रम में अपराध निरोध क्षेत्र 4 बाजपुर के इटव्वा व महौली जंगल में दबिश दी गई, जिसमें इटव्वा से आबकारी टीम ने लगभग 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की, तथा 4000 लीटर लहन को नष्ट किया। धारा 60 आबकारी अधिनियम में 1 अभियोग पंजीकृत किया गया। टीम में आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट, प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कम्बोज, आबकारी सिपाही वंदना घिल्डियाल, अर्चना यादव, रेनुका बोरा मौजूद रहे।

**लगभग 35 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 4000 लीटर लहन किया नष्ट**

### मतदाता सूची का प्रकाशन 14 जुलाई को

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा राज्य में 01 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के अधार पर निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 29 मई से 07 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं मुद्रण का कार्य किया जायेगा। इसी तरह 08 जून से 07 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे/सत्यापन कार्य, 07 जुलाई को को मतदान स्थितियों का युक्तिकरण, 14 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्हों ने बताया कि 14 जुलाई से 13 अगस्त तक दावे एव आपत्ति दाखिल करने की अवधि होगी 14 जुलाई से 11 सितम्बर तक नोटिस चरण/दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा तथा 15 सितम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र वापस नहीं आये हैं, उनके लिए बीएलओ आस-पास के मतदाताओं से पूछताछ के आधार पर कोई सम्भावित कारण (जैसे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु, डुप्लिकेट) पहचान सकता है। ऐसे मतदाताओं की सूची पंचायत भवन, नगर निकाय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत अधिकारी तथा नगर निकाय अधिकारियों के कार्यालय में भी प्रदर्शित की जाएगी तथा निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए है कि घर-घर जाकर भ्रमण करने के दौरान बीएलओ अपने साथ खाली फार्म-6 और घोषणा पत्र अपने साथ रखेगें ताकि कोई भी नए वोटर के तौर पर अपना नाम दर्ज करवाना चाहे उसे ये फार्म दिए जा सकें।

### अवैध खनन के खिलाफ पुलिस टीम का बड़ा अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी नादेही प्रभारी उ.नि. संतोष देवरानी द्वारा राजपुर-रायपुर गांव क्षेत्र में ईंट-भट्ठे की आड़ में किए जा रहे अवैध खनन पर प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की गई। कार्यवाही के दौरान अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी संख्या UK18T41174 तथा 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली संख्या UP20X8454, UP20BP6890 एवं UP20BH4471 को मौके से कब्जे पुलिस लेकर सीज किया गया। अवैध खनन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अवैध खनन जैसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों एवं संसाधनों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।



### मझरा प्रभु सीट पर विपिन गर्ग की शानदार जीत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड बाजपुर के चुनाव में मझरा प्रभु सीट पर हुए मुकाबले में विपिन गर्ग ने शानदार जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। घोषित परिणामों के अनुसार विपिन गर्ग को कुल 239 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी हरपाल यादव को 166 वोट मिले। वहीं बहादुर सिंह भण्डारी को 18, साउद हसन को 12 मत प्राप्त हुए। उम्मीदवार ललित यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और उन्हें कोई वोट नहीं मिला। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशी विपिन गर्ग के समर्थकों ने खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

### बिजली के तार तोड़ने के विवाद में युवक पर हमला, फायरिंग का आरोप



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम गोबरा में बिजली के तार तोड़े जाने के विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने और फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम गोबरा निवासी महेश कुमार पुत्र रामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के सुरजीत कुमार, परमजीत, अमरजीत पुत्रगण गोविन्द राम तथा गोविन्द राम पुत्र रामलाल के डम्परों से अक्सर उनके घर के बिजली के तार टूट जाते हैं। इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है। आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे महेश कुमार का पुत्र शुभम मजोका गांव स्थित अजय की चक्की के पास मौजूद था। तभी आरो. पियों ने 8-10 अन्य लोगों के साथ उसे घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार सुरजीत के हाथ में लोहे की रॉड, अन्य आरो. पियों के हाथ में लाठी-डंडे थे, जबकि गोविन्द राम के पास बंदूक थी। आरोप है कि गोविन्द राम ने फायरिंग शुरू कर दी तथा अन्य आरोपियों ने शुभम पर हमला कर दिया।

हमले में शुभम के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसका सिर फट गया। उसके साथ मौजूद श्रद्धा पुत्री कुलदीप कुमार के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर घायल युवक को बचाया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जाते समय आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित महेश कुमार ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में विद्यालय संसद का गठन

- मंथन श्रीवास्तव स्कूल कैप्टन, मनन सुगरा हेड बॉय और भूमि चौहान चुनी गई हेड गर्ल







शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। यह अवसर विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा, जिसमें नव निर्वाचित छात्र परिषद् के सदस्यों ने सम्मानित अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में अपने दायित्वों का औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं समर्पण की भावना का विकास करना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भव्य मार्च पास्ट के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को अनुशासन, नेतृत्व एवं आत्मविश्वास से भर दिया। ढोल की मधुर एवं उत्साहवर्धक ध्वनि के बीच नव निर्वाचित परिषद् सदस्यों ने पूरे आत्मविश्वास एवं गरिमा के साथ मार्च किया। समारोह की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के सम्मानित गणमान्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों निदेशक हरिन्दर सिंह पुरी, वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी एवं समन्वयक लक्ष्य शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण बैज एवं सैश वितरण समारोह रहा, जिसमें नव निर्वाचित छात्र परिषद् सदस्यों को औपचारिक रूप से बैज एवं सैश पहनाकर उन्हें उनके अधिकार, विश्वास एवं उत्तरदायित्व का प्रतीक सौंपा गया। विद्यार्थियों ने गर्व के साथ अपने दायित्वों को ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निर्वाचित छात्र परिषद् में स्कूल कैप्टन के रूप में मंथन श्रीवास्तव (कक्षा V), स्पोर्ट्स कैप्टन अब्दुल अहद (कक्षा V), हेड बॉय मनन सुगरा (कक्षा V), हेड गर्ल भूमि चौहान (कक्षा V), स्वच्छता प्रभारी अंकिता गोंड (कक्षा V) तथा इंग्लिश स्पीकिंग इंचार्ज इंशा अंसारी (कक्षा V) को जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय ने हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन की भी घोषणा की। कल्पना चावला हाउस (रेड हाउस) के कैप्टन मोहित सिंह (कक्षा V) एवं वाइस कैप्टन कांशिका प्रभाकर (कक्षा IV) नियुक्त किए गए। आर्यभट्ट हाउस (ब्लू हाउस) के कैप्टन अंकुश देव (कक्षा V) एवं वाइस कैप्टन ईशांत झावर (कक्षा IV) बनाए गए। एपीजे अब्दुल कलाम हाउस (ग्रीन हाउस) के कैप्टन युवराज पाल (कक्षा V) एवं वाइस कैप्टन गुरदीक्षा सिंह (कक्षा IV) नियुक्त हुए, जबकि बचेंद्री पाल हाउस (येलो हाउस) के कैप्टन वैभव हलधर (कक्षा V) एवं वाइस कैप्टन हिमांशु (कक्षा IV) को जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय द्वारा अनुशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु डिसिप्लिन हेड्स का भी चयन किया गया। कक्षा III के लिए निहित मिगलानी एवं अथर्व वैद्य, कक्षा IV के लिए भाव्या रावत एवं वान्या गुप्ता तथा कक्षा V के लिए रोहन रावत एवं निरिप राज को यह जिम्मेदारी प्रदान की गई। समारोह का सबसे महत्वपूर्ण क्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसका संचालन प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना द्वारा किया गया। उन्होंने नव निर्वाचित परिषद् सदस्यों को ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है और विद्यार्थियों को अपने आचरण से दूसरों के लिए आदर्श बनना चाहिए।

वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी ने भी सभी निर्वाचित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को "बॉस नहीं बल्कि सहायक एवं मार्गदर्शक" बनने की सीख दी तथा विनम्र रहकर सभी की सहायता करने और आदर्श व्यक्तित्व बनने के लिए प्रेरित किया। उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी एवं समन्वयक लक्ष्य शर्मा ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग एवं विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन अत्यंत प्रेरणादायक एवं गौरवपूर्ण वातावरण में हुआ। नव नियुक्त छात्र नेताओं ने विद्यालय की गरिमा, मूल्यों एवं आदर्शों को बनाए रखते हुए ईमानदारी, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## समस्याओं को लेकर श्रमिक संघ ने शासन से लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सहकारी चीनी मिल बाजपुर में व्याप्त समस्याओं और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चीनी श्रमिक संघ ने उत्तराखंड शासन के सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग को ज्ञापन भेजकर समाधान की मांग उठाई है।

संघ अध्यक्ष श्याम कार्तिक सिंह ने मिल के संचालन और श्रमिक हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गत पेराई सत्र में चीनी मिल बाजपुर में केवल लगभग 15 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हो सकी, जबकि पूर्व में यह आंकड़ा करीब 40 लाख कुंतल प्रति सत्र रहा है। श्रमिक संघ ने मांग की है कि गदरपुर समिति के चार गन्ना क्रय केंद्र, जिन्हें पिछले सत्र में सितारगंज मिल को आवंटित किया गया था, उन्हें पुनः बाजपुर चीनी मिल को दिया जाए। वहीं मिल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की राज्य सरकार की किसी एजेंसी से गहन जांच कराने की भी मांग उठाई गई है। चीनी श्रमिक संघ ने शासन से अनुरोध किया है कि इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र सकारात्मक कदम उठाए जाएं।

## बीस लीटर कच्ची शराब के साथ एक पकड़ा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर के निर्देश पर जनपदभर में चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत बाजपुर पुलिस को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक बाजपुर के नेतृत्व में दोराहा चौकी पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने ग्राम महेश. पुरा निवासी सरवन सिंह पुत्र अमर सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक के जरकिन में लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ कोतवाली बाजपुर में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनि. रीक्षक देवेंद्र सिंह मेहता, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र परिहार, कांस्टेबल नरेंद्र बिष्ट एवं कैलाश पाण्डेय शामिल रहे।

# भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से जनता बेहाल

- कांग्रेसी पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने डीजीएम कार्यालय घेरा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** कांग्रेस पार्टी के अनेकों पार्षदों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने आज मंगलवार को लगातार हो रही विद्युत कटौती के विरोध में नगर निगम स्थित डीजीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर तत्काल बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में शहर की अनेक कॉलोनियों, मलिन बस्तियों में 8-10 घंटे की अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे आम जनता का जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में छोटे बच्चों, बुजुर्गों, व्यापारियों एवं मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में विद्युत की मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है, लेकिन विद्युत विभाग सप्लाई को सुचारु रूप से बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। आए दिन लंबी-लंबी कटौती से न केवल आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है, बल्कि व्यापारियों का व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं छोटे कारोबारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया का भी जमकर विरोध किया। उनका कहना था कि विद्युत विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का कार्य कर रहे हैं। आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर आम जनता का "खून चूसने वाला मीटर" साबित हो रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शन करने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पार्षद सौरभ राज बेहड़, मोहनलाल खेड़ा, पार्षद शुभम शर्मा, पार्षद इंद्रजीत सिंह, पार्षद सौरभ शर्मा, पार्षद गौरव गिरी, पार्षद अशफाक अंसारी, पार्षद प्रवेश कुरैशी, साजिद खान, मोनिका ढाली, रणजीत राणा, अनंत विश्नोई, राजेंद्र मिश्रा, राजू कोली, पार्षद रिजवान खान, समप्रीत ग्रोवर, विक्की विर्क, विजय पुजारा, राकेश कोली, सोहेल खान, आकाश यादव, अमर कश्यप, शुभम ठाकुर, विवेक यादव, योगेश शर्मा, प्रदीप कश्यप, दीपक मौर्य, अजय सिंह, रो. हित सागर, शाहिद आदि मौजूद थे।

# खंडूरी के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गदरपुर एवं भाजपा महिला मोर्चा कुमाऊं संयोजक अंजू भुड्डी के आवास पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा नेता अतुल पांडे के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया।

विधायक पुत्र अतुल पांडे ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूरी एक ईमानदार, अनुशासित और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने उत्तराखंड के विकास के लिए हमेशा समर्पित भाव से कार्य किया। उनका निधन प्रदेश और देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दौरान राकेश भुड्डी (बंटी) ने कहा कि खंडूरी जी ने अपने सरल स्वभाव और स्वच्छ छवि से जनता के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनके आदर्श और कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। रवि पाल ने कहा कि खंडूरी जी ने उत्तराखंड को नई दिशा देने का कार्य किया और हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखा। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बिना पंजीकरण संचालित क्लीनिकों व पैथोलॉजी लैब पर बड़ी कार्रवाई

- कई क्लीनिकों को कराया बंद व अनियमितताओं पर पैथोलॉजी लैब दिए नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने जनहित और जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए सितारगंज क्षेत्र में बिना पंजीकरण के संचालित कई क्लीनिकों को बंद करा गया व पैथोलॉजी लैब अनियमितताओं के चलते नोटिस दिया गया।

यह कार्रवाई डा. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त क्लीनिक 'क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट' के तहत पंजीकृत नहीं थे और बिना किसी वैध दस्तावेज के मरीजों का उपचार किया जा रहा था। जनहित में जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उक्त क्लीनिकों को बंद कराया गया।

बंद कराए गए क्लीनिक में जी के फार्मा क्लीनिक, फैमिली क्लीनिक, सुब्रत क्लीनिक, वसीम अंसारी क्लिनिक, और नोटिस जारी किए गए व क्लीनिक पैथोलॉजी लैब में रॉयल क्लीनिक, आरोग्य पैथोलॉजी लैब, शोभा पैथोलॉजी लैब हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे सभी अवैध क्लीनिकों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटने का आरोप, दो लाख की रंगदारी मांगने की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बरहैनी क्षेत्र में लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली रोककर मारपीट, नकदी लूटने और दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रामपुर जिले के तहसील स्वार स्थित ग्राम मिलक दुन्दी निवासी आजम खां पुत्र ताहिर खाँ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने वन विभाग से टेंडर पर लकड़ी का माल लिया था, जिसे ताज इंटरप्राइजेज के नाम पर ट्रैक्टर-ट्रॉली संख्या न्ञ्18ळ-3362 में लोड कर ले जाया जा रहा था। आरोप है कि 18 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे जब वह बरहैनी चनकपुर चौराहे से बेरिया की ओर जा रहा था, तभी सुरेन्द्र सिंह उर्फ छोटी, गिन्दर भट्टी, गोरखा रंधावा तथा उनके चार-पांच साथी बाइक पर वहां पहुंचे और आते ही मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे लहराकर जान से मारने की धमकी दी और लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने कब्जे में ले ली। तहरीर के अनुसार आरोपियों ने चालक से 15,300 रुपये नकद और वन विभाग द्वारा जारी रवन्ना भी छीन लिया। इतना ही नहीं, ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ने के बदले दो लाख रुपये की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।पीड़ित ने आरोपियों को शातिर किस्म का बताते हुए कहा कि वे पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल रहे हैं। आजम खाँ ने पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सड़कों पर निर्माण सामग्री डालने वालों पर प्रशासन सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** जनपद में सड़कों और मोटर मार्गों पर भवन निर्माण सामग्री डालने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष मनीष कुमार ने मुख्य मार्गों को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण कार्यों के दौरान कई लोग एवं संस्थाएं भवन निर्माण सामग्री को मुख्य सड़कों और मोटर मार्गों के किनारे अनधिकृत रूप से डंप कर रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था बाधित होने के साथ सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

# समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकताः डीएम

**जिला सभागार में तहसील दिवस पर सुनीं समस्याएं**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जिला सभागार में तहसील दिवस का आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी समस्याओं को शान्त मन एवं संवेदनशील होकर सुने व गम्भीरता से तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

तहसील दिवस में भूमि, मार्ग, मनरेगा भुगतान, सिंचाई गूल, गैस से सम्बन्धित नौ शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से आठ शिकायतों/ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

तहसील दिवस में महेन्द्र पोपली ने कलेक्ट्रेट आवासीय परिसर के भीतर अराजक तत्वों द्वारा नशा करने तथा मारपीट, छेड़-छाड़ करने की शिकायत की।

जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को रात्रि 09 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के गेटों को बन्द करने के निर्देश देते हुए पुलिस नियमित गस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा भी कई लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं।

तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, आनंद सिंह नेगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, लोनिवि गजेन्द्र सिंह, विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, पेयजल निगम सुनील जोशी, आरडब्लूडी अमित भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नंदनी तोमर, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की आदि मौजूद थे।

## सहकारी समिति चुनाव में ब्रमदेव झा और पूनम नेगी की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड में संचालक पद के लिए हुए चुनाव में ब्रमदेव झा और पूनम नेगी ने जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम आने के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला,वहीं बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत को करारी हार का सामना करना पड़ा और उनकी जमानत भी जब्त हो गई।

जानकारी के अनुसार सहकारी समिति के व्यक्तिगत सीट वार्ड नंबर 9 के संचालक पद के लिए हुए चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष ब्रमदेव झा ने एक तरफा जीत हासिल की। ब्रमदेव झा को कुल 85 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी वीरेंद्र सिंह रावत को मात्र 2 वोट मिले। इस दौरान एक मत रद्द भी घोषित किया गया। भारी अंतर से मिली जीत के बाद ब्रमदेव झा समर्थकों ने खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

वहीं रामनगर सहकारी क्रय विक्रय समिति के व्यक्तिगत वार्ड नंबर 8 में संचालक पद के लिए हुए मुकाबले में पूनम नेगी ने जीत दर्ज की,पूनम नेगी को कुल 48 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी वीरेंद्र सिंह रावत को 37 मत मिले। इस प्रकार पूनम नेगी ने 11 मतों के अंतर से चुनाव अपने नाम किया।सहकारी समिति के इन चुनाव परिणामों को क्षेत्रीय राजनीति और सहकारिता क्षेत्र में अहम माना जा रहा है।

खास तौर पर वार्ड 9 में ब्रमदेव झा की बड़ी जीत को उनके मजबूत जनाधार के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों ने खुशी जताते हुए जीत का जश्न मनाया।

### एक नजर

## चेयरमैन ने समस्या सुन समाधान का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से वार्ड संख्या 5, 16 एवं 19 के वार्डवासियों ने मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, जनसुविधाओं एवं विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अध्यक्ष जोशी ने सभी समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विषयों के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।



वार्ता के दौरान क्षेत्र के विकास को गति देने, नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। वहीं वार्डवासियों ने अध्यक्ष के जनहितकारी प्रयासों एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभासद पति अनु धारीयाल, विजय कुमार, राजेंद्र सामंत, नारायण बिष्ट, सुरेश कोहली, मोहन सिंह, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया दो अभियुक्तों को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अनुपालन में कोतवाली खटीमा में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 146 / 2026 धारा 109(1), 352/ 3(5) बीएनएस बनाम सचिन रघुवंशी आदि में मुकदमे से संबंधित नामजद अभियुक्त गणों सचिन रघुवंशी तथा आकाश रघुवंशी उर्फ संदीप रघुवंशी पुत्र गण सतीश रघुवंशी निवासी वार्ड नंबर 14 पंजाबी कालोनी को रेलवे स्टेशन खटीमा के पास से गिरफ्तार किया गया है तथा अभियुक्त आकाश रघुवंशी के कब्जे से आलाचोट चारपाई का लकड़ी का डंडा खूनालूदा बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त गणों को मय माल के न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल ईशाक मोहम्मद तथा ललित सिंह कन्याल शामिल रहे।



## छात्र-छात्राओं के दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई ने आज मंगलवार प्रातः नंदा देवी ईस्ट ट्रैकिंग, मिलम ग्लेशियर अभियान के लिए चयनित 26 सदस्यीय छात्र-छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष ट्रैकिंग अभियान जिला योजना के अंतर्गत वित्तपोषित है, जिसका संचालन पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद पिथौरागढ़ साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है। नंदा देवी ईस्ट क्षेत्र विश्व प्रसिद्ध प्राकृतिक सौंदर्य, हिमालयी संस्कृति एवं रोमांचक ट्रैकिंग मार्गों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान युवाओं में साहस, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। युवाओं को पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं से जोड़ने के उद्देश्य से इस प्रकार के ट्रैकिंग अभियानों का आयोजन किया जा रहा है।



पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि दल में शामिल छात्र-छात्राओं को ट्रैकिंग से पूर्व आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। अभियान के दौरान अनुभवी गाइड एवं प्रशिक्षकों की टीम भी साथ रहेगी। इस अवसर पर पर्यटन विभाग, प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक महोत्सव में 160 कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सिटी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राकेश डांस एकेडमी एवं सनातन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में उत्तराखंड सांस्कृतिक महोत्सव के लिए ऑडिशन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक प्रवीण उपाध्याय, निदेशक तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य शुभ्रा सक्सेना तथा साहित्यकार रावेंद्र कुमार 'रवि' ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ऑडिशन में स्थानीय क्षेत्रों के साथ ही रुद्रपुर, कोटाबाग, हल्द्वानी, टनकपुर, बनबसा एवं उत्तर प्रदेश से आए करीब 160 कलाकारों ने नृत्य, एकल गायन व सामूहिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल के सदस्य रावेंद्र कुमार 'रवि', राकेश कुमार 'रॉक्सी' एवं सी.के. बिष्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चयन प्रमाण-पत्र सौंपे।

चयनित कलाकार अब 23 मई को खटीमा के रामल. ीला ग्राउंड में होने वाले फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे।



आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए यह ऑडिशन पूरी तरह निःशुल्क रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन अफजल सिद्दीकी ने किया। इस दौरान केसर पारूथी, आशा भंडारी, संगीता गोवारी, प्रीति धौनी, ममता चुपाल, राहुल कुमार, पवन राजपूत, स्नेहा व शिवानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बाइक और बोलेरो कार की भिड़ंत, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** कोसी नदी स्थित दीपक घाट पर मंगलवार को बाइक और बोलेरो कार की आमने-सामने भिड़ंत के बाद जमकर हंगामा हो गया। टक्कर के बाद दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। मारपीट में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए बाजपुर अस्पताल भेजा।



जानकारी के अनुसार कोसी नदी में कैलाश माइनिंग कंपनी के कर्मचारी अवैध खनन की शिकायत मिलने पर बोलेरो कार से दीपक घाट पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि जांच के बाद जब कर्मचारी वापस लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही एक बाइक से बोलेरो की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक विजय और बाइक सवार युवक के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच गाली-गलौज और धक्का-मुक्की होने लगी, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट में बोलेरो चालक विजय और बाइक सवार युवक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मनीष खत्री पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने घायल विजय को उपचार के लिए बाजपुर के सरकारी अस्पताल भेजा, जबकि बाइक और बोलेरो दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी पहुंचा दिया। चौकी इंचार्ज मनीष खत्री ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यायालय परिसर हुआ क्यूआर कोड बैनर का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सिविल न्यायालय परिसर में लगाए गए क्यूआर कोड के बैनरों का लोकार्पण एडीजे अंजलि नौलियाल विधिक सेवा प्राधिकरण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ता पीएलवी एवं आम जनता को संबोधित करते हुए इन कर क्यूआर कोड के लाभ से अवगत कराया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी ने डेमो करके दिखाया। उन्होंने ओके गूगल लेंस से क्यूआर स्कैन करने की कानूनी जानका. रियां मोबाइल के माध्यम से दिए जाने की जानकारी दी। पारिवारिक न्यायालय में मनमो. हन सिंह एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज राणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां न्यायिक मजिस्ट्रेट एसीजे एम त्रिच्छा रावत, जेएम प्रकाश चंद अधिवक्ता, हरजिंदर सिंह कल्सी, पीसी पंत, त्रिलोक सिंह बिष्ट, इलियास सिद्दीकी, चंचला सिंह, स्नेहा प्रभार, एडवोकेट नालियाल, ममता शर्मा, केडी भट्ट, साबिर हुसैन, राम बच्चन, अखिल अहमद, कविंद्र सिंह कफलिया, भारत पांडे, साबिर हुसैन, पीएलवी विमल कुमार, आरबीसी राणा, प्रभु दयाल, भगवती राणा, गीता शर्मा, लाल सिंह, पिंकी राणा, माया देवी आदि मौजूद थे।

## पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त एआरओ, एएआरओ, अतिरिक्त एआरओ, नोडल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की समय-सारणी एवं विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अनुसार 01 जुलाई 2026 को पात्रता तिथि निर्धारित की गई है। मतदाता सूची की तैयारी, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य 29 मई 2026 से 07 जून 2026 तक संपन्न किया जाएगा, जबकि बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण 08 जून 2026 से 07 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 07 जुलाई 2026 को किया जाएगा तथा मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशन 14 जुलाई 2026 को होगा। दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 14 जुलाई 2026 से 13 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके उपरांत दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं सूचना चरण 14 जुलाई 2026 से 11 सितंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 सितंबर 2026 को किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ट्रेनिंग नोडल अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र वर्मा द्वारा निर्वाचन संबंधी समस्त महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।



जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

## रिजॉर्ट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम ढिकुली स्थित एक रिजॉर्ट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।आग लगने से पीड़ित व्यक्ति को हजारों रुपए का नुक्सान हुआ है।फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि मंगलवार को रिजॉर्ट स्वामी हेम चंद्र भट्ट ने सूचना दी कि उनके रिसोर्ट ढिकुली में आग लग गई।सूचना पर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुचकर देखा कि आग रिसोर्ट के स्टोर में लगी थी। वहां रखे सामान रजाई ,गद्दे ,तकिये ,तौलिये ,चादर आदि में लगी थी।जल्द कार्यवाही करते हुए मोटर फायर इंजन से फायर फाइटर द्वारा आग को हौज पाइप की मदद से काफी देर तक कड़ी मशक्कत कर पूर्ण रूप से बुझाया गया।आग में किसी प्रकार की जनहानि नही हुई। उन्होंने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। पीड़ित व्यक्ति को पचास हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## खटीमा सहकारी समिति संचालक मंडल से इस्तीफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि. खटीमा की प्रबंध समिति सदस्य पूजा पाण्डेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव को भेजे त्यागपत्र में चुनाव प्रक्रिया में भारी धांधली होने का आरोप लगाया है। ग्राम छिनकी निवासी पूजा पाण्डेय, पत्नी राम पाण्डेय ने अपने पत्र में कहा है कि वह सहकारी क्रय-विक्रय समिति की निर्वाचित सदस्य हैं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं से आहत होकर अब प्रबंध समिति का हिस्सा नहीं रहना चाहतीं। उन्होंने अपने त्यागपत्र में तत्काल प्रभाव से इस्तीफा स्वीकार कर अग्रिम कार्रवाई करने की मांग की है। इस्तीफा पत्र 19 मई 2026 को निर्वाचन अधिकारी/सचिव, सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि.खटीमा को सौंपा गया। इस घटनाक्रम के बाद सहकारी समिति के चुनाव और कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।



**चुनाव प्रक्रिया पर लगाए गंभीर आरोप**

## लडवाल फाउंडेशन ने मेधावियों पर बरसाया सम्मान

**डीएम बोलेः सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नगर के जीजीआईसी रोड स्थित लडवाल स्टेट में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में मंगलवार को जिलेभर की प्रतिभाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने तथा राज्य मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को लड़वाल फाउंडेशन द्वारा सम्मानित करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में लडवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र लडवाल, शरद जोशी एवं दिनेश जोशी ने जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, मुकेश महराना तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे का स्वागत किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में प्रथम एवं राज्य मेरिट में 18वां स्थान प्राप्त करने वाले विवेकानन्द विद्या मंदिर टनकपुर के यस अवस्थी को 51 हजार का पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रिया चौबे को 31 हजार की धनराशि प्रदान की गई। वहीं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रहे सांची जोशी तथा मयंक जोशी को 21-21 हजार का पुरस्कार दिया गया। राज्य मेरिट में 24वां स्थान प्राप्त करने वाली हंसा भट्ट तथा 25वां स्थान हासिल करने वाली ममता नायक को भी विशेष नकद सम्मान प्रदान किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हिमानी उप्रेती को 31 हजार की पुरस्कार राशि दी गई।



द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से रहीं संगीता भट्ट तथा पवन सिंह राणा को 21-21 हजार दिए गए। वहीं जलज ओली को 11हजार, चौथे स्थान पर आए नरेंद्र कुमार को भी नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि प्रतिभा और सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने कहा कि सीमांत जिले चंपावत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे की सफलता के पीछे माता-पिता, शिक्षक और घर का वातावरण सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। उन्होंने अपने संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो, तब तक प्रयास रुकना नहीं चाहिए।

## उद्योगों को शांतिपूर्ण माहौल एवं प्रोत्साहित करना सभी की जिम्मेदारीः एडीएम

**उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में उद्योगों को शांतिपूर्ण माहौल एवं प्रोत्साहित करने के लिए सभी अधिकारी उद्योग बन्धुओं की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

यह निर्देश अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में औद्योगीकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके लिए सिंगल विण्डो सिस्टम को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्राथमिकता से समाधान किया जाये।



उद्यमियों द्वारा एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारग. ंज के फेज-2 में विद्युत आपूर्ति हेतु नये सब स्टेशन निर्माण कराने का अनुरोध किया। जिस पर क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल सितारगंज ने बताया कि राज्य स्तरीय उद्योग मित्र की बैठक में रखने हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करते हुए निद. ेशालय को प्रेषित कर दिया गया है। उद्यमियों ने सितारगंज से एल्डिको सिडकुल तक सड़क मरम्मत व चौड़ीकरण कराने जाने, मै. माँ शीतला वेन्चर्स लि. से एनएच-74 तक दायी ओर पाहा नहर की कवरिगं का कार्य कराने, काशीपुर में मुरादाबाद रोड पर स्वीकृत 132 केवी पावर सब स्टेशन की स्थापना किए, बिजली, फायर, भूमि लाइसेंस, लंबित प्रकरणों, बुनियादी सुविधाओं तथा अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।

बैठक में उप जिलाधिकारी/आरएम सिडकुल रुद्रपुर मनीष बिष्ट, आरएम सिडकुल सितारगंज रविन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत उमाक. ांत चतुर्वेदी, विवेक काण्डपाल, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सिंह, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस दांगी, एएस नेगी, लोनिवि ओपी सिंह, एनएचएआई इन्जिनियर तुषार गुप्ता, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, सहित अनेक उद्यमी व अधिकारी उपस्थित थे।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म M/s SHREE ENTERPRISES, वार्ड नं. 2, शक्तिफार्म, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, पंजीकरण संख्या UKFIRM0670721008888, एक पंजीकृत साझेदारी फर्म है। दिनांक 26-03-2026 को फर्म का पुनर्गठन किया गया, जिसके अंतर्गत श्री अजय कुमार सिंह एवं श्री सीमाब खान फर्म से पृथक हो गये हैं तथा श्री जितेन्द्र सिंह नवीन साझेदार के रूप में सम्मिलित हुए हैं। अब फर्म के वर्तमान/निरंतर साझेदार श्रीमती सोनी जोशी एवं श्री जितेन्द्र सिंह हैं।

कृते-
M/s SHREE ENTERPRISES
वार्ड नं. 2, शक्तिफार्म
जिला ऊधम सिंह नगर
द्वारा श्रीमती सोनी जोशी

## अंडर-18 बालिका क्रिकेट टीम में नेशनल स्तर पर प्रतिभाग करने वाली छात्रा का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने पीएम श्री इंटर कॉलेज ग्राम थारी रामनगर पहुंचकर वर्ष 2025 में अंडर-18 बालि. का क्रिकेट टीम में नेशनल स्तर पर प्रतिभाग कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली थारी निवासी छात्रा नंदनी का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नंदनी कक्षा 10 की छात्रा है और बेहद साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आती है। उसके संघर्ष और प्रतिभा को देखते हुए अपने निजी स्तर से धनराशि आर्थिक सहयोग के रूप में प्रदान किया। उन्होंने उसे आश्वस्त किया कि खेल और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए यदि कभी किसी प्रकार की आवश्यकता या संसाधनों का अभाव हो, तो वह अपने भाई के रूप में मुझसे निःसंकोच संपर्क कर सकती है।



उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में नेशनल स्तर पर खेलकर नंदनी ने अपने विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।कहा कि हमारी विधान सभा के दुर्गम क्षेत्र की बेटियाँ जब इस प्रकार आगे बढ़ती हैं तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणा का विषय बनता है।उसे भरोसा दिलाया है कि उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग के लिए सदैव उसके और उसके परिवार के साथ खड़े रहेंगे।इसी दौरान हाल ही में आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र रवि को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा, खेल और अनुशासन के महत्व पर प्रेरणादायक बातें बताईं और जीवन में निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई।सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया है।

## केयर फाउंडेशन एवं प्राइम हॉस्पिटल लाइफ केयर, काशीपुर के संयुक्त तत्वावधान में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** हिमालय देव दर्शन उत्थान समिति द्वारा केयर फाउंडेशन एवं प्राइम हॉस्पिटल लाईफ केयर, काशीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम सुन्दरखाल में लगाया गया।

डायरेक्टर हेम चंद्र ने बताया कि शिविर के दौरान क्षेत्र के अनेक बच्चों एवं स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।शिविर में बच्चों की आँखों की जांच की गई और उनके स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों से शारीरिक स्वास्थ्य एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सही उत्तर देने वाले बच्चों को प्रोत्साहन एवं सम्मान स्वरूप पुरस्कार प्रदान दिए गए, जिससे उनमें सीखने की भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला।शिविर में हृदय रोग, शुगर, रक्तचाप, हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। संस्था का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है।

इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सम्मानित लोगों, चिकित्सकों, प्राइम हॉस्पिटल लाईफ केयर की टीम और कार्यकर्ताओं का संस्था द्वारा हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान हेम चंद्र,गौरव आर्य, दिनेश मेहरा आदि मौजूद रहे।

# नरेश पांडे हिरासत में, पुलिस की पूछताछ

## शादी का झांसा देकर संबंध बनाने, गर्भपात कराने और धमकी देने के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भवाली क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उस समय खलबली मच गई जब चार पांच वाहनों से पहुंची पुलिस ने भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे को उठाकर ले गई। बता दें कि नरेश पांडे पर एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, गर्भपात कराने तथा मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने जैसे संगीन आरोपो में मुकदमा दर्ज है। बता दें कि शहर के एक शिक्षण संस्थान में अध्यनरत छात्रा ने भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे पर कई संगीन आरोप लगाए थे। मल्लीताल कोतवाली में सौपी गई तहरीर में युवती ने कहा था कि वह बीते ढाई साल से नरेश पांडे के संपर्क में है। जिसने खुद को अविवाहित बताकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर दबाव बनाकर उसका गर्भपात भी कराया गया। युवती ने आरोपित पर गाली गलौज और ऑडियो वीडियो भेज कर धमकाने के भी आरोप लगाए थे। पुलिस ने भवाली निवासी नरेश पांडे के विरुद्ध बीएनएस की धारा 351(2) और 69 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इधर मंगलवार सुबह पुलिस की कार्यवाही से भवाली क्षेत्र में खलबली मच गई। लोगों के मुताबिक चार से पांच वाहनों में पहुंचे पुलिसकर्मी नरेश पांडे को उठाकर नैनीताल ले गए। मामले में जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि नरेश पांडे से पूछताछ की जा रही है, बताया कि आरोपी के द्वारा लोगों व युवतियों के यौन संबन्ध वाले वीडियो बनाये जाते थे, जिसके बाद लोगों को बलैकमेल किया जाता था। वहीं उसके द्वारा रखे गए चार बाउंसरों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## डाक कर्मी की हृदयघात से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल निवासी डाक विभाग कर्मी के अचानक सीने में दर्द होने के साथ ही हालत बिगड़ गई। आननफानन परिजन उसे बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के मुता. बिक अखड़ा चलियापानी चमोली निवासी सुरेश लाल (52) नैनीताल में डाक विभाग में तैनात थे। यहां वह मल्लीताल क्षेत्र में रहते थे। मंगलवार सुबह वह बाथरुम जाने के बाद बाहर आये और सीने में तेज दर्द की शिकायत बताते हुए बिस्तर पर लेट गए। हालत बिगड़ती देख परिजन तत्काल उन्हें बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसआई प्रवीण तेवतिया ने बताया कि चिकित्सक प्रथम दृष्टिया हृदयघात के लक्षण बता रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास पर दिया जाए ज़ोर: गुरमीत सिंह

## लोकभवन में कुलपतियों के साथ राज्यपाल ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने मंगलवार को लोक भवन में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहानी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट के साथ अलग-अलग बैठक कर विश्वविद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शोध व नवाचार और विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



बैठक के दौरान तीनों कुलपतियों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों में संच. ालित शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध कार्यों, कौशल विकास आधारित गतिविधियों, नवाचार तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोडने् के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानक. ारी दी। इस दौरान राज्यपाल ने उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि विश्व. विद्यालयों को विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप, उद्यमिता, नवाचार और कौशल विकास से जोड़ना समय की आवश्यकता है ताकि वे रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार सृजक भी बन सकें। राज्यपाल ने युवाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने तथा विश्वविद्यालयों को समाज से जोड़ने के लिए सामुदायिक सहभागिता आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व और कौशल विकास सुनिश्चित करना होना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक रिक्त पदों की स्थिति की जानकारी लेते हुए भर्ती प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध हो ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मुहैया हो सके। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में मुहैया अवस्थापना, सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उनके सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बुनियादी व्यवस्थाओं का सुदृढ़ होना आवश्यक है।

## ग्राहक के खाते में डाल दिये 90 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में चना चाट की रेहड़ी लगाने वाले फड़ कारोबारी की पत्नी ने चाट खाने वाले ग्राहक के ही खाते में 90 हजार का गलती से भुगतान कर दिया। ग्राहक के चले जाने के बाद उसके मोबाइल पर रकम कटने का संदेश मिला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई, हालांकि पीड़िता के कोतवाली पहुंचने के बाद पुलिस ने ग्राहक को काठगोदाम में रुकवा लिया। जाकनारी के मुताबिक पापुलर कंपाउंड निवासी रिशु का पति मल्लीताल क्षेत्र में चना चाट की रेहड़ी लगाता है। मंगलवार दोपहर उसकी रेहड़ी से एक ग्राहक ने तीस रुपये की चाट खरीदी। जिसका भुगतान ऑनलाइन करने के बाद ग्राहक ने रिशु से चौक करने को कहा। आये हुए 30 रुपये चौक करने के दौरान मोबाइल चलाने की अधिक जानकारी नहीं होने से रिशु ने उसके खाते में 90,705 रुपये भेज दिये। कुछ देर बाद पति ने मोबाइल देखा तो खाते से बड़ी रकम कटने का मैसेज देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। भुगतान करने वाले के नंबर पर संपर्क किया गया तो उसका नंबर भी बंद आया, हालांकि मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद व्यक्ति का नंबर भी लगा तो उसे काठगोदाम में रुकवा लिया गया। पुलिस ने रिशु व उसके पति को हस्तांतरित किये हुए रुपये लेने के लिए काठगोदाम भेज दिया है।

# ईंधन बचत एवं ऊर्जा संरक्षण को लेकर डीएम ने दिए कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन के निर्देशों के क्रम में नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद में ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग हेतु सभी अधिकारियों, कार्मिकों व विभागों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जारी दिशा-निर्देशों का प्रत्येक दशा में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने आदे. शित किया है कि जनपद के समस्त अधिकारी/कार्मिक प्रत्येक शनिवार को कार्यालय आवागमन हेतु सार्वजनिक परिवहन साधनों का ही प्रयोग करेंगे। समस्त अधिकारियों



द्वारा अपने सरक. ारी आवास से कार्यालय जाने हेतु ही सरकारी वाहन का प्रयोग किया जाएगा तथा अपने निजी आवास से कार्यालय आने-जाने हेतु सरकारी वाहन का प्रयोग पूर्णत: प्रति. बंधित रहेगा। प्रत्येक अधिकारी द्वारा केवल एक ही सरकारी वाहन का प्रयोग किया जाएगा और वह भी अति आवश्यक राजकीय कार्य हेतु ही। कहा कि जिन अधिकारी/कार्मिकों के पास ई-वाहन उपलब्ध हैं वे कार्यालय आवागमन हेतु प्राथमिकता के आधार पर ई-वाहनों का प्रयोग करेंगे। निकटवर्ती स्थानों से आने वाले कार्मिक आपसी समन्वय से कार पूल व्यवस्था अपनाएं। शासकीय कार्यों में यथासंभव वर्चुअल मीटिंग्स को बढ़ावा दिया जाए। ऊर्जा संरक्षण के दृष्टिगत सरकारी कार्यालयों में एसी का तापमान 24-26 डिग्री सेंटीग्रेट रखा जाए तथा एसी के अनावश्यक प्रयोग को हतोत्साहित किया जाए। कार्यालयों में अनावश्यक रोशनी और सजावटी लाइटिंग पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। समस्त कार्मिक ईंधन की बचतए कार्बन उत्सर्जन में कमी एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अनावश्यक निजी वाहन के उपयोग से बचें। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में इन आदेशों का तत्काल प्रभाव से कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जनहित, पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों की बचत के लिए यह कदम उठाया गया है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षय नहीं होगी।

## कुमाऊँ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राजकीय शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के आकस्मिक निधन पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में तीन दिवसीय राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यालय आदेश जारी कर समस्त परिसरों एवं विभागों को आवश्यक निर्देश प्रेषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूड़ी ने उत्तराखण्ड राज्य के विकास, सुशासन तथा जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन राज्य एवं देश के लिए अपूरणीय क्षति है। विवि के प्रभारी कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार उत्तराखण्ड शासन के पत्र के क्रम में 19 मई से 21 मई तक विश्वविद्यालय एवं उसके समस्त परिसरों में राजकीय शोक रहेगा। इस अवधि में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा तथा किसी प्रकार के शासकीय मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे साथ हीए पूर्व मुख्यमंत्री की अन्त्येष्टि के अवसर पर बुधवार (आज) को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं समस्त परिसरों के कार्यालय बंद रहेंगे। हालांकि पूर्व निर्धारित विश्वविद्यालय परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत संपन्न कराई जाएंगी।

# हाईकोर्ट ने सरकार को दी 28 मई तक की मोहलत

## उपनल संविदा कर्मियों का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षो से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नहीं करने और उन्हें चयनित वेतनमान नहीं दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि इनको नियमित करने पर राज्य सरकार के ऊपर 1300 करोड़ रुपए का अतरिक्त भार पड़ेगा। सरकार को इसके लिए अतरिक्त समय दिया जाय। याचिकाकर्ताओं कि तरफ से कहा गया कि सरकार कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करना चाह रही है। बार बार कोर्ट से समय मांगे जा रही है जबकि यह कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है, जिस पर कोर्ट ने सरकार से कहा है कि अगले 28 मई को सरकार ने कया निर्णय लिया कोर्ट को अवगत कराएं। मामले के अनुसार संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष उनका पक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व मे कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमित. ीकरण के संबंध में एक आदेश जारी किया था लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया, न ही इसे उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड में लाया गया है। पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर (उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन मुख्य सचिव उत्तराखंड) की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

### पेशेवर चालक की कमाई क्षमता खत्म होने पर 100 प्रतिशत मुआवजा मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि किसी दुर्घटना के बाद पेशेवर चालक वाहन चलाने के लिए पूरी तरह अयोग्य हो जाता है, तो उसकी कमाने की क्षमता में 100 फीसदी कमी मानी जाएगी। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी की एकलपीठ ने भूपेंद्र सिंह रावत की याचिका पर सुनवाई करते हुए वर्कमैन कंपेंसेशन कमिश्नर पिथौरागढ़ के आदेश में संशोधन किया। अदालत ने कहा कि भले ही शारीरिक विकलांगता 75 फीसदी हो, लेकिन यदि व्यक्ति अपना मूल पेशा नहीं कर सकता और ड्राइविंग लाइसेंस भी नवीनीकृत नहीं हो सकता, तो उसकी अर्जन क्षमता का नुकसान 100 फीसदी माना जाएगा। हाईकोर्ट ने मुआवजा राशि को बढ़ाकर 3.99 लाख रुपये करने के साथ 10 फीसदी वार्षिक ब्याज देने का भी आदेश दिया।

### एस्कार्ट फार्म भूमि पट्टा आवंटन मामले में याचिका निस्तारित

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर स्थित एस्कॉर्ट फार्म की सीलिंग भूमि के पट्टा आवंटन में कथित अनियमित. ताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिका निस्तारित कर दी। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रत्यावेदन देने को कहा। अदालत ने कहा कि मामले में लाभार्थियों को पक्षकार नहीं बनाया गया है, इसलिए संबंधित अधिकारी विधि अनुसार निर्णय लें। काशीपुर निवासी अशोक कुमार ने जनहित याचिका में आरोप लगाया था कि सीलिंग की भूमि के पटों के आवंटन में अनियमितता बरती गई और पात्र स्थानीय लोगों के बजाय बाहरी लोगों को लाभ पहुंचाया गया।

# 7 कुख्यात अपराधी जिलाबदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल की अदालत ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 कुख्यात आरोपियों को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर कर दिया है। बता दें इन सभी आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है और इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में आबकारी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, चोरी, मारपीट, हत्या का प्रयास तथा धोखाधड़ी एवं जुआ अधिनियम जैसे गंभीर मुकदमे पंजीकृत हैं। जिला मजिस्ट्रेट रयाल ने इस संबंध में अवगत कराया कि जिला बदर किए गए आरोपियों में शास्त्री नगर थाना लालकुआं निवासी सुंदर बिष्ट उर्फ देवा पर आबकारी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस के 6 मुकदमे, टेढ़ा रोड रामनगर निवासी सूरज आर्य पर चोरी व बीएनएस की धाराओं में चार मुकदमे, कौशल कालोनी मल्ली बमौरी थाना मुखानी निवासी आनंद डसीला पर हत्या के प्रयास, धमकी, मारपीट व धोखाधड़ी के पांच मुकदमे तथा वार्ड नंबर 15 जवाहर नगर बनभूलपुरा निवासी बाबूराम पर एकसाइज एक्ट के 6 मुकदमे दर्ज हैं। इसी क्रम में नई बस्ती गूलर घाटी रामनगर निवासी जुबैर पुत्र कलुआ पर चोरी व एनडीपीएस के मामलों में, गांधीनगर बनभूलपुरा निवासी कुणाल सोनकर मारपीट, बलवा व जुआ अधिनियम के मुकदमों में तथा पप्पू का बगीचा थाना बनभूलपुरा निवासी रिजवान उर्फ मंत्री एनडीपीएस एक्ट के कई मामलों में लिप्त पाए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल ने सभी आरोपियों की गतिविधियों को जनहितए शांति व्यवस्था और कानून व शासन के लिए घातक मानते हुए तत्काल प्रभाव से छह माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित करने के आदेश पारित किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिला बदर की अवधि में यदि कोई भी आरोपी जनपद की सीमा में प्रवेश करता है या आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# राजकीय खाद्यान्न भंडार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अरविन्द कुमार पाण्डे के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी बेतालघाट द्वारा एडीओ पंचायत ओमवीर सिंह के साथ क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट की उपस्थिति में राजकीय खाद्यान्न भंडार मेहरागांव का औचक निरीक्षण किया गया। बता दें इस गोदाम से विकास खंड बेतालघाट के कुल 27 उचित दर विक्रेता संबद्ध हैं जिनके माध्यम से राशन कार्ड धारकों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर से विभिन्न योजनाओं में मुहैया खाद्यान्न के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने पर खाद्यान्न का स्टॉक गोदाम में सही पाया गया। मौके पर खंड विकास अधिकारी जोशी द्वारा



कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन करने पर इस गोदाम से संबद्ध सभी उचित दर विक्रेताओं को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/केन्द्र प्रभारी बिष्ट द्वारा माह जून तक का खाद्यान्न वितरित किया गया है। मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बीडीओ को अवगत कराया गया कि पूर्व में इस गोदाम में गोविन्द सिंह सिजवाली पूर्ति निरीक्षक केन्द्र प्रभारी के रूप में तैनात थे जो एक वर्ष पूर्व सेवानिवृत हो जाने के कारण इस गोदाम में किसी पूर्ति निरीक्षक की तैनाती नहीं होने के कारण उन्हें अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। जिलाधिकारी नैनीताल के आदेश पर एआरओ हल्द्वानी दिव्या अहीन पाण्डे द्वारा 4 अप्रैल 2026 को इस गोदाम का वार्षिक भौतिक सत्यापन कर सत्यापन रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में तैयार कर ज़िलाधिकारी को भेजी गई है।

## पुलिस ने महिला का खोया मोबाइल लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए एक महिला पर्यटक का खोया मोबाइल खोजकर उसे वापस लौटाया। जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी रश्मि देवी पत्नी सुमित चौधरी का मोबाइल नैनीताल में कहीं खो गया था। मामले की जानकारी मिलने पर कोतवाली में तैनात कांस्टेबल मनोज जोशी ने मोबाइल की तलाश कर उसे बरामद किया और महिला को वापस सौंप दिया। मोबाइल वापस मिलने पर रश्मि देवी और उनके परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। स्थानीय लोगों ने भी मित्र पुलिस के इस कार्य की सराहना की।

# प्राकृतिक परिवेश में विचारों को आयाम देंगे लेखक

## सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारियों ने किया महादेवी सृजन पीठ का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारत सरकार के न्याय विभाग में सचिव, विभिन्न केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनाव आयुक्त और इनलैंड वाटरवेज अथारिटी ऑफ इंडिया की अध्यक्ष रही सेवानिवृत आईएएस अधिकारी भूपिन्दर प्रसाद तथा नेपाल, अफगानिस्तान और जेन. ेवा में राजदूत का दायित्व संभाल चुके सेवानिवृत आईएफएस अधिकारी जयंत प्रसाद ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजनपीठ का भ्रमण किया तथा सृजनपीठ के रख रखाव की सराहना की। भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी भूपिन्दर प्रसाद ने महादेवी वर्मा सृजन



पीठ को लेखकों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने पीठ परिसर में नवनिर्मित अमृतलाल नागर मैमोरियल राइटर्स होम को लेखकों के लिए सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि लेखक यहां ठहरकर उस प्राकृतिक परिवेश से साक्षात्कार कर सकेंगे जिसकी तलाश में विदुषी कवयित्री सुदूर इलाहाबाद से इस स्थान पर आई थी। उन्होंनें सृजन पीठ के संग्रहालय में संग्रहित महादेवी वर्मा द्वारा बनाई गई दुर्लभ पेंटिंग्स को वैज्ञानिक विधि से संरक्षित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय विदेश सेवा के सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी जयंत प्रसाद ने सृजन पीठ की इस बात के लिए सराहना की कि महादेवी जी के घर मीरा कुटीर को उसके वास्तविक स्वरूप में बरकरार रखा गया है। महादेवी वर्मा सृजन पीठ के समन्वयक मोहन सिंह रावत ने सेवा. निवृत प्रशासनिक अधिकारियों को मीरा कुटीर के इतिहास तथा महादेवी सृजन पीठ की स्थापना, पीठ की गतिविधियों और भावी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पीठ कर्मी बहादुर सिंह कुँवर भी उपस्थित थे।

# नैनीताल में नए पर्यटन स्थलों का विकास किया जाए

## राज्यपाल से सीडीओ अरविंद कुमार पांडेय व डीएफओ गंगवार ने की शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने मंगलवार को लोक भवन में जिले के मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय से शिष्टाचार भेंट कर जनपद में संचा. लित विकास कार्यों नवाचारों तथा पर्यटन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्य विकास अधिक. ारी पांडेय ने बताया कि नैनीताल की पहचान यहां की झीलें (ताल) हैं जिनके सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता पर विशेष कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार मुहैया कराने के लिए स्थानीय होटल व्यवसायियों के साथ समन्वय स्थापित कर मार्केट लिंकेज की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त



युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जनपद में होम स्टे को प्रोत्साहित करने के साथ साथ मानकों के विपरीत संचालित होम स्टे के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि नैनीताल में नए पर्यटन स्थलों का विकास किया जाए तथा पर्यटकों को अधिक समय तक आकर्षित और व्यस्त रखने के लिए विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग तथा ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार मिल सके। इस दौरान राज्यपाल ने नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वना. धिकारी आकाश गंगवार से वन विभाग की गतिविधियों, विशेष रूप से वनाग्नि की घटनाओं और उनकी रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। प्रभागीय वनाधिक. ारी गंगवार ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष जनपद की प्रमुख चुनौतियों में शामिल है। इससे बचाव के लिए प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सोलर फेंसिंग एवं अन्य सुरक्षा उपाय मुहैया कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए पीरूल संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत स्थानीय लोगों को पीरूल एकत्र करने पर 10 रुपया प्रति किलोग्राम प्रोत्साहन राशि दी जा रही है साथ ही जनपद में इको.टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने जनपद में पीरूल प्रबंधन के माध्यम से वनाग्नि रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने वनाग्नि नियंत्रण तथा मानव.वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। साथ ही वन क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय सहभागिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता भी बताई।

## सकारात्मक सोच सफलता की सबसे बड़ी ताकत: डा. कंचन नेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** फायलफॉट पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस अंग्रेज़ी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय द पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभावशाली भाषण देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ डा. कंचन नेगी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच ही सफलता की सबसे बड़ी ताकत है और आशावादी दृष्टिकोण हर चुनौती को अवसर में बदल सकता है। विद्यालय की निदेशक रूचिका राणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि ओवरऑल रनिंग ट्राफी ईथोस हाउस को प्रदान की गई।

## दिशा उप्रेती की पीएचडी की मौखिकी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग में मंगलवार को शोध छात्रा दिशा उप्रेती ने अपनी पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी। बता दें ऑनलाइन माध्यम से हुई परीक्षा में एक्सपर्ट प्रो. रूपम कपूर दिल्ली विश्वविद्यालय रही। दिशा ने विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा विभागाध्यक्ष वानिकी प्रो. आशीष तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। दिशा उप्रेती के शोध का विषय प्लांट डायवर्सिटी एंड कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन पोटेंशियल ऑफ क्यूप्रेसस तेरुलोसा दी डोन डॉमिनेटिड फॉरेस्ट ऑफ कुमाऊं हिमालय था। इस अवसर पर प्रो. किरण बरगली, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. अनिल बिष्ट, डा. कपिल खुलबे, डा. प्रभा पंत, डा. नवीन पांडे, डा. हर्ष चौहान, डा. हेम जोशी, लता नितवाल, विशाल तथा शीतल सहित शोध छात्र उपस्थित रहे।

# कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

**पत्रांकः– 151/सूचना/नामपरि0/कर–अनु0/न0नि0रूड़की /2025–26** **दिनांकः– 19/05/2026**

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाषन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1114, माहिग्रान | श्री परवेज आलम पुत्र इफ्तिखार अहमद | श्री इस्तखार अहमद उर्फ इफ्तिखार अहमद पुत्र अनवार अहमद | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 2 | 416/2, मलकपुर | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि शिव कुमार त्यागी | श्रीमति सोनिया त्यागी पत्नि अरविन्द त्यागी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 3 | 422, पूर्वीदीनदयाल | श्री प्रभात पुत्र राजबल सिंह त्यागी | श्री राजबल सिंह त्यागी पुत्र ताराचन्द त्यागी | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 4 | 929, आदर्शनगर | श्रीमति बबीता पुरी पत्नि अनुज पुरी | श्रीमति मीना पुरी पत्नि नरेन्द्र पुरी | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 5 | 929, आदर्शनगर | श्रीमति चॉदनी पुरी पत्नि विकास पुरी | श्रीमति मीना पुरी पत्नि नरेन्द्र पुरी | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 6 | 795/1, माहिग्रान | श्री रिजवान पुत्र अयूब | श्री अब्दुल रहमान पुत्र अली हसन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 7 | 749/5बी, सत्ती | श्री शुभम अरोडा पुत्र स्व0 ललित अरोडा | श्री गय्यूर पुत्र अलीमुद्दीन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 8 | 1469, गणेशपुर | श्री सतीश कुमार पुत्र भूल सिंह | चित्रा भटटाचार्य पत्नि तपन कुमार भटटाचार्य | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 9 | 1192, गणेशपुर | श्रीमति विनीता त्यागी पत्नि मुकेश त्यागी व वंदना त्यागी पत्नि अनिल | श्रीमति उर्मिला त्यागी पत्नि स्व0 नरेन्द्र कुमार त्यागी | षपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 10 | 120, चावमण्डी | श्रीमति ज्योति गोस्वामी पत्नि अनिल गोस्वामी | श्री जसवन्त गिरी पुत्र स्व0 सूरत गिरी व कमला गिरी पत्नि जसवन्त गिरी | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 11 | 86/1, चावमण्डी | लोकेश सैनी पुत्र स्व0 जयप्रकाश सिंह सैनी | श्री जय प्रकाश सिंह सैनी पुत्र राम सिंह सैनी | शपथ – पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 12 | 439, मलकपुर | श्री सचिन सिंह पुत्र विजय सिंह | श्री रवि प्रकाश सिंह पुत्र धन चरण सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 13 | 232, आवास विकास | श्री सुदेश सैनी पुत्र वीरेन्द्र सिंह | श्री मंगू लाल शर्मा पत्नि शम्भू लाल शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 14 | 344, मकतूलपुरी | श्रीमति लता शर्मा पत्नि राजबीर शर्मा | श्रीमति मंगेश पत्नि विनोद कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 15 | 6, पुरानी तहसील | श्री इनामुल हक पुत्र हाजी शराफत | श्री मनोहर लाल शर्मा पुत्र बलवन्त सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 16 | 7(1–12), पुरानी ता0 | श्री इनामुल हक पुत्र हाजी शराफत व असमा पत्नि इनामुल हक व श्रीमति गोसया नाज पत्नि हाजी शराफत | श्री मनोहर लाल शर्मा पुत्र बलवन्त सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 17 | 59(1), राज0 पूर्वी | श्रीमति मनीशा गुप्ता पत्नि स्व0 संजय गुप्ता व नैनी गुप्ता, अनमोल गुप्ता पुत्र स्व0 संजय गुप्ता व शिवानी गुप्ता पत्नि स्व0 विनय गुप्ता व पुरी गुप्ता व उज्जवल गुप्ता पुत्र स्व0 विनय गुप्ता | श्री संजय कुमार व अजय कुमार व विनय कुमार पुत्रगण रतन लाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 18 | 167ए, माहिग्रान | श्री अख्तरूलदीन पुत्र शखरूददीन | श्री खलील पुत्र अब्दुल हमीद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 19 | 293, आदर्शनगर | श्रीमति सुचिता सैनी पत्नि राजेन्द्र कुमार सैनी | श्री बासी राम शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 20 | 671, रामनगर | श्री गुलशन लूथरा, विनोद लूथरा पुत्रगण कृश्ण लाल लूथरा व श्रीमति रूपा लूथरा पत्नि स्व0 बलराम लूथरा | श्री बलदेव राज पुत्र दोलतराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 21 | 840, रामनगर | रूपाली पत्नि श्री कौशल कुमार भटनागर | श्री नरेन्द्र बहादुर सक्सैना पुत्र स्व0 रामचन्द्र | शपथ – पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 22 | 352/1, पुरानी ता0 | शालू पत्नि कपिल कुमार पुत्री चन्द्रपाल | श्री राजकुमार शर्मा पुत्र आत्माराम | शपथ – पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 23 | 1422,1423, रामनगर | श्री रिजवान आमिर पुत्र रियाज हसन | श्री रियाज हसन पुत्र काला | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 24 | 111, पुरानी तहसील | श्री फहीम अहमद पुत्र स्व0 सलीम अहमद | श्री सलीम अहमद पुत्र अमीर अहमद | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 25 | 151, अ0 ता0 पश्0 | श्री राजदुलारी शिवा पत्नि स्व0 खेमचन्द शिवा पुत्री स्व0 कन्हैया लाल षिवा व यशपाल शिवा व अनिल षिवा पुत्रगण स्व0 कन्हैया लाल षिवा | श्री कन्हैया लाल पुत्र तुलाराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 26 | 867, पूर्वावल्ली | श्री रवि कुमार पुत्र महीपाल | श्री हेमन्त गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 27 | 1391, गणेशपुर | श्री राहुल चौधरी पुत्र बिजेन्द्र सिंह तोमर | श्रीमति माया देवी पत्नि बिजेन्द्र सिंह तोमर | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 28 | 855/(3), रामनगर | श्री दीपक बत्रा पुत्र जगदीष बत्रा | श्री जगदीश बत्रा पुत्र हाकिम राय बत्रा | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 29 | 449ए/2, पुरानी ता | श्रीमति परवीन पत्नि मौ0 नईम | श्री वहदूद अली पुत्र मकसूद अली | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 30 | 213, रामनगर | रमन गोगिया पुत्र स्व0 फकीर चन्द गोगिया | श्री फकीर चदं पुत्र स्व0 आत्म प्रकाश | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 31 | 271, बी0टी0 गंज | रमन गोगिया पुत्र स्व0 फकीर चन्द गोगिया | श्री फकीर चदं पुत्र स्व0 आत्म प्रकाश | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 32 | 515, पूर्वावल्ली | श्री अरूण कुमार पुत्र श्रवण दास | श्रीमति राजकुमारी पत्नि श्रवण कुमार | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 33 | 456, नेहरूनगर | श्री रतीष मोहन पुत्र माधोराम | श्री माधोराम पुत्र स्व0 केषवदास | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 34 | 376, गणेशपुर | श्री अनिल कुमार पुत्र स्व0 धूम सिंह | श्रीमति कृष्णा देवी पत्नि स्व0 धूम सिंह | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 35 | 949, सिविल लाईन | श्रीमति बतूल पत्नि कासिम अली | श्रीमति अफसाना पत्नि नसरत अली | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 36 | 518, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति रितू वर्मा पत्नि स्व0 सोनू वर्मा | श्री सोनू वर्मा पुत्र किशन लाल वर्मा | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 37 | 324, चावमण्डी | श्री राकेष शर्मा पुत्र स्व0 रामधन शर्मा माता का नाम श्रीमति चन्द्रवती | श्रीमति सुमित्रा पत्नि रामधन शर्मा | षपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 38 | 208/7, बी0टी गंज | श्रीमति रितू वर्मा पत्नि स्व0 सोनू वर्मा | श्री सोनू वर्मा पुत्र किशन लाल वर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 39 | 1038, चावमण्डी | रमेश चन्द्र गोनियाल पुत्र स्व0 गोवर्धन प्रसाद | श्रीमति चन्द्रवती पत्नि स्व0 गोवर्धन प्रसाद | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 40 | 312, सिविल लाईन | श्रीमति शिखा बंसल पत्नि राजेश बंसल | श्री प्रीतम लाल मल्होत्रा, ललित कुमार मल्होत्रा व उमेश कुमार मल्होत्रा पुत्रगण स्व0 जगदीश लाल मल्होत्रा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 41 | 935, रामनगर | श्रीमति य शोदा रानी पत्नि स्व0 मुरारी लाल | श्री मुरारी लाल पुत्र बेलराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 42 | 936, रामनगर | श्रीमति दीपिका मेहन्दीरत्ता पत्नि भारत भूषण मेहन्दीरत्ता | श्री सतेन्द्र कुमार पुत्र जगदीश लाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 43 | 551, अ0 ता0 पूर्वी | जाहिदा कुरैशी पत्नि मौ0 नवाब अहमद | मौ0 शमीम पुत्र स्व0 यामीन | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 44 | 311, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति संतलेश पत्नि राम गोपाल | विमला शर्मा पत्नि पुरूषोत्तम कुमार षर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 45 | 346/3, नेहरूनगर | श्री रमिंदर जीत सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह | श्री सुनील कुमार सिंगल पुत्र स्व0 साधूराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 46 | 1324, चावमण्डी | दीपाली कपूर पत्नि जितेन्द्र कुमार कपूर | जितेन्द्र कुमार कपूर पुत्र मनोहर लाल कपूर | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 47 | 1484/7, सिवि ला0 | श्री पकज चावला पुत्र स्व0 प्रेम सागर | श्री प्रेमसागर पुत्र स्व0 सरदारी लाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 48 | 896, पुरानी तहसील | श्री नितिन सिंघल पुत्र स्व0 अशोक सिंघल | श्रीमति कान्ता सिंघल पत्नि अषोक कुमार | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 49 | 1226, चावमण्डी | श्रीमति मीनू गोयल पत्नि स्व0 रमजानी उर्फ मुमताज खान पुत्री स्व0 ओम प्रकाश | रमजानी उर्फ मुमताज खान पुत्र रियाज खान | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 50 | 1318, अ0 ता0 परि0 | श्री त्रिवेन्द कुमार पुत्र स्व0 संतोश कुमार व विपुल कुमार सैनी पुत्र स्व0 संतोश कुमार | श्री सन्तोश कुमार पुत्र बलजीत सिंह व विधावती पत्नि सन्तोश कुमार | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 51 | 413/1, पुरानी ता0 | श्रीमति गुलशन जहॉ पत्नि परवेज आलम | श्री अभय गोयल पुत्र अजय कुमार गोयल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 52 | 346/2, नेहरूनगर | श्री सुनील कुमार सिंघल पुत्र साधूराम | श्रीमति कुसुमलता पत्नि साधुराम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 53 | 314, सोत | मौहम्मद प्रवेज एवं फुरकान पुत्रगण मौहम्मद इरफान | श्री त्रिलोक चन्द अग्रवाल व कमला रानी, संजय पुत्र स्व0 लाला नानक चन्द जी | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 54 | 243, पुरानी ता0 | के साथ साथ शैहला पुत्री सैय्यद अहमद | श्रीमति निषात सुलताना पत्नि सैय्यद अहमद | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 55 | 1338,सिविल लाईन | श्री सुधीर अत्तरी पुत्र स्व0 कोमल प्रकाष अत्री व पंकज अत्तरी पुत्र स्व0 कोमल प्रकाश अत्री | श्री कोमल प्रकाश अत्री पुत्र घसीटा राम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 56 | 687, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति संगीता गुप्ता पत्नि स्व0 नलिन गुप्ता व सार्थक गुप्ता पुत्र स्व0 नलिन गुप्ता | श्री नलिन गुप्ता पुत्र मदन गोपाल | षपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 57 | 587/3, गणेशपुर | श्रीमति शिवानी मित्तल पत्नि अर्पित मिततल | श्री सुधीर कुमार पुत्र जयपाल सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 58 | 385, मकतूलपुरी | श्रीमति पूजा जैन पत्नि अनिल जैन | श्रीमति मीना रानी पत्नि सोहन लाल चोपड़ा | षपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 59 | 295, कानूगोयान | श्री इरफान व आजम पुत्रगण नूर अहमद | श्रीमति अनीता अग्रवाल पत्नि मनोज अग्रवाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 60 | 404/1, अ0 ता0 पूर्वी | श्री पापा लाल पुत्र भगीरथ लाल व सागर सोनकर पुत्र पापा लाल | श्री अनिल गुप्ता पुत्र रवि कुमार गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 61 | 1305, गणेशपुर | श्री सतवीर सिंह पुत्र स्व0 साहब सिंह | श्री साहब सिंह पुत्र घसीटा सिंह | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 62 | 76(1–50),नेहरूनगर | श्री इकबाल सिंह व मुनेश कुमार पुत्रगण स्व0 हरि सिंह व पंकज पुत्र नवाब सिंह पौत्र स्व0 हरि सिंह व श्री विकास कुमार व विपिन कुमार पुत्रगण रफल सिंह वसतवीर सिंह व जसबीर सिंह व धर्मबीर सिंह पुत्रगण स्व0 साहब सिंह | श्री साहब सिंह, हरि सिंह पुत्र घसीटा सिंह व राजेश्वरी देवी पत्नि कर्म सिंह | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 63 | 1283, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति पूजा बसंल पत्नि राहुल बसंल | श्रीमति मीनाक्षी कंसल पत्नि राजीव कंसल | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 64 | 1064, सिविल लाईन | श्री नमन मित्तल पुत्र दीपक कुमार मिततल | श्री दीपक कुमार मित्तल पुत्र स्व0 विजय कुमार मिततल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 65 | 1064/1,सिविल ला | श्री नमन मित्तल पुत्र दीपक कुमार मिततल | श्री दीपक कुमार मित्तल पुत्र स्व0 विजय कुमार मिततल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 66 | 1242, चावमण्डी | श्री नरेश प्रसाद उर्फ नरेश नोटियाल पुत्र मायाराम नोटियाल | श्री मायाराम नोटियाल पुत्र स्व0 गौरीदत्त नोटियाल | शपथ – पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 67 | 28,28(1), नेहरूनगर | श्री शमषुल आरफीन पुत्र शराफत अली | श्रीमति समर जहॉ पत्नि मौ0 आकिल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 68 | 326, कानूगोयान | श्रीमति रजनी ग्रोवर पत्नि सचिन ग्रोवर | श्री नरेश आहुजा पुत्र ओम प्रकाश आहुजा | शपथ–पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 69 | 1401, सिविल लाईन | श्री अंकित कपूर पुत्र रविन्द्र कुमार कपूर | श्रीमति सविता देवी पत्नि रजनीश कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 70 | 206, गणेशपुर | श्री अशोक कुमार पुत्र रणधीर सिंह | श्रीमति कमलेश पत्नि रणधीर सिंह | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 71 | 52/1, मकतूलपुरी | श्रीमति अनु वर्मा पत्नि विकास कुमार | श्री सचिन कुमार पुत्र हरीश कुमार व श्रीमति रेनू रानी पत्नि सचिन कुमार सचदेवा | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 72 | 1078, गणेशपुर | श्री कलेश्वर चन्द पुत्र ईश्वर चन्द | श्री प्रदीप गुप्ता पुत्र विजेन्द्र कुमार गुप्ता | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 73 | 1110, चावमण्डी | श्रीमति सीमा आर्या पत्नि मनोज कुमार | श्री विजय कुमार पुत्र नरदेव कुमार | शपथ –पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 74 | 613, पूर्वावल्ली | श्रीमति रेणुका पत्नि सुबोध | श्री दर्शन सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 75 | 327, रामनगर | श्री सुबोध कुमार पुत्र रमेश चन्द | श्री विजय पाल सिंह पुत्र दौलत सिंह | शपथ –पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 76 | 404/3डी/1, मलकपुर | श्री बाबूराम पुत्र बूद्व सिंह | श्रीमति उपासना चढ्ढा पत्नि गगन चढ्ढा व शिल्पा चढ्डा पत्नि मनीष चढ्ढा | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 77 | 240, बी0टी0गंज | श्री वरदान वर्मा पुत्र दीपक कुमार वर्मा | श्रीमति सीमा अरोरा पत्नि रामकुमार अरोरा | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 78 | 701, रामनगर | श्री संजय अरोरा पुत्र स्व0 जगदीश लाल व ध्रुव गिरधर पुत्र अनिल कुमार | श्री बलदेव राज गेरा पुत्र स्व0 किशन चन्द | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 79 | 701/1, रामनगर | श्री संजय अरोरा पुत्र स्व0 जगदीश लाल व ध्रुव गिरधर पुत्र अनिल कुमार | श्री किशन चन्द गेरा पुत्र उधीदास | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 80 | 266, कानूगोयान | श्री विनोद कुमार पुत्र खैराती लाल | श्री ब्रिजेश व मनीष पुत्रगण ओमप्रकाश | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 81 | 593, चावमण्डी | श्रीमति मंजुला गुप्ता पत्नि स्व0 दीपक कुमार गुप्ता | श्री दीपक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बिशेश्वर दयाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 82 | 589, चावमण्डी | श्रीमति मंजुला गुप्ता पत्नि स्व0 दीपक कुमार गुप्ता | श्री दीपक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बिशेश्वर दयाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 83 | 43/1,(13) अ0 ता0 परि0 | श्री अर्श पुत्र महमूद कुरैशी व वसी पुत्र महमूद कुरैशी | श्री निशान्त अग्रवाल पुत्र स्व0 ब्रहमानन्द | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 84 | 1426(1–6),चावमण्डी | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र राज महेन्द्र व राषि प्रभा पत्नि राज महेन्द्र व सुनील कुमार पुत्र तिलकराम व सत्यवती पत्नि स्व0 तिलकराम व सरोज पत्नि स्व0 अनिल कुमार व गौरव कुमार अनिल कुमार | स्व0 श्री तिलकराम व राज महेन्द्र पुत्रगण रूपराम | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 85 | 510, मलकपुर | श्रीमति नीना गर्ग पत्नि स्व0 शरद गर्ग व एश्वर्या गर्ग पुत्री स्व0 शरद गर्ग | श्री शरद गर्ग पुत्र स्व0 अनिल कुमार गर्ग | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 86 | 166, पूर्वीदीनदयाल | श्री कमलेश कुमार अग्रवाल पुत्र शम्भू दयाल अग्रवाल | श्री अनीस अहमद, शफीक अहमद, नफीस अहमद, अतीक अहमद, सलीम अहमद, नदीम अहमद पुत्रगण स्व0 रफीक अहमद | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 87 | 1132, रामनगर | श्रीमति उषा रानी पत्नि स्व0 खैराती लाल व प्रदीप सचदेवा व पवन सचदेवा पुत्रगण स्व0 खैराती लाल | श्री खैराती लाल पुत्र सन्तराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 88 | 669, चावमण्डी | श्री अनिल कुमार व अनुज कुमार अरोरा पुत्रगण दर्शन कुमार | श्रीमति वीनू पत्नि केवल कृष्ण | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 89 | 314, सोत | जुल्फीकार पुत्र हनीफ | श्री त्रिलोक चन्द अग्रवाल व संजय पुत्र स्व0 लाला नानक चन्द व श्रीमति कमला पत्नि त्रिलोक चन्द अग्रवाल | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 90 | 614, पूर्वावल्ली | श्री रविपाल पुत्र रूहला सिंह | श्री रमेश चन्द रूहला सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |

**कर–लिपिक**
**नगर निगम रूड़की**

**कर–अधीक्षक**
**नगर निगम रूड़की**

# आपरेशन प्रहार के तहत उपद्रवियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी

**■ श्रमिकों की आड़ में उपद्रव करने वाले तीन और उपद्रवी गिरफ्तार**

**सेलाकुई।** आपरेशन प्रहार के तहत उपद्रवीयों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रखते हुए थाना सेलाकुई पुलिस ने श्रमिकों की आड़ में उपद्रव करने वाले तीन और उपद्रवीयों को गिरफ्तार किया है। डिक्सन फैक्ट्री में श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसमें श्रमिकों की आड़ में कुछ उपद्रवी लोगों द्वारा फैक्ट्री परिसर व पुलिस पर पत्थर बाजी की गई थी। जिस क्रम में थाना सेलाकुई पर मुकदमें दर्ज है। व उपद्रवीयों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा निर्देशित किया गया था जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण 2 के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सहसपुर के पर्यवेक्षण में थाना सेलाकुई की टीम निकाली गई थी।

इसी क्रम में 19 मई को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोगो द्वारा एक राय व संगठित होकर कम्पनियों व मोहल्लो में जाकर, कम्पनियों में कार्य करने वाले श्रमिकों को भडकाकर व काम पर जाने वालों के साथ जोर जबरदस्ती कर कम्पनी आने जाने वाले श्रमिकों के साथ मारपीट करने को उतारु हो रहे थे। जिनमें से कुछ पूर्व में पत्थरबाजी की घटना में शामिल उपद्रवी भी थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। चूंकि विगत दिनो में श्रमिक आंदोलन में पत्थर बाजी की घटना हो चुकी हैं जिस सम्बन्ध में थाना सेलाकुई पर मुकदमें दर्ज किए गए हैं। इन सभी व्यक्तियों को ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में मौ0 फरमान पुत्र इकराम निवासी ग्राम मुर्तजापुर थाना बेहट जिला सहारनपुर (उ0प्र0) हाल जमनपुर सेलाकुई देहरादून, रोहित पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी कल्याणपुर चकरतीर्थ थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत उ0प्र0 हाल जमनपुर सेलाकुई देहरादून, मनोज यादव पुत्र श्यामा यादव निवासी नैनीडेनी थाना लारबाजार जिला देवरिया उ0प्र0 हाल बंजारागली सेलाकुई देहरादून शामिल है। पुलिस टीम में एसआई सुमेर सिंह, सिपाही सहसपाल, सुधीर, अमित शामिल थे।

# लंढौरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी

## मानकों के विपरीत चल रहे पांच अस्पताल सीज, अस्पताल संचालकों में मचा रहा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग अब फर्जी और बिना अनुमति के चल रहे अस्पतालों के खिलाफ पूरी तरह से सख्त रुख अपना चुका है। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सख्त आदेशों पर आज लंढौरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर एक बड़ी छापेमारी की। इस औचक निरीक्षण से अवैध रूप से अस्पताल चलाने वाले संचालकों में दिन भर हड़कंप मचा रहा। हरिद्वार से पहुंचे अपर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने लंढौरा स्थित निम्नलिखित अस्पतालों पर अचानक छापा मारा जिनमें भारत हेल्थ केयर, सुपर हेल्थ केयर, निर्मला मैटरनिटी होम, ग्लोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और इंडियन नर्सिंग होम पर सील की कार्यवाई की गई। निरीक्षण के दौरान इन सभी अस्पतालों में भारी अनियमितताएं पाई गईं। यहाँ ना तो योग्य डॉक्टर मौजूद थे और ना ही प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ। बिना डिग्री और प्रशिक्षण के ही मरीजों का इलाज किया जा रहा था, यहाँ तक कि गंभीर रूप से डिलीवरी भी कराई जा रही थी। इसके अलावा, अस्पतालों में मेडिकल वेस्ट (बायो-मेडिकल कचरा) के निस्तारण और अग्निशमन मानकों का खुलेआम उल्लंघन पाया गया हैं। छापेमारी के दौरान सबसे चौंकाने वाला मामला ग्लोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सामने आया। यहाँ बिना किसी योग्य डॉक्टर या विशेषज्ञ के ही धड़ल्ले से मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसे लोगों की जिंदगी के साथ बड़ा खिलवाड़ मानते हुए तत्काल अल्ट्रासाउंड रूम को सील कर दिया। अब इस अस्पताल पर च्च्छकज ।बज (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम) के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग विभाग की टीम ने श्क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्टश (नैदानिक स्थापना अधिनियम) के तहत इन सभी अस्पतालों पर 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक का आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही, इन सभी के चिकित्सालय पंजीकरण और आवेदनों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर ने सख्त लहजे में कहा की क्षेत्र में अब किसी भी तरह का स्वास्थ्य फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों की सेहत और जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले जेल जाएंगे। अवैध अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।ष्इस छापेमारी के दौरान डॉ. हेमंत खरकवाल, अवनीश कुमार और पुलिस प्रशासन की ओर से महेश चंद, दिनेश शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।




❖हेल्थ केयर सेंटर पर बिना डॉक्टर के हो रहे थे अल्ट्रासाउंड

❖कुछ माफिया अवैध कमाई के लिए लोगों की सेहत से कर रहे हैं खिलवाड़, अस्पताल में न डाक्टर, न रजिस्ट्रेशन और बोर्ड लगा है 24 घंट इमरजेंसी सेवा




# भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद
## आरोपी गन्ने के खेत में कार छोड़कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत झबरेड़ा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए अपनी ऑल्टो कार को गन्ने के खेत में खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल वाहन को जब्त कर अज्ञात आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि 18 मई की रात उप-निरीक्षक योगेश कुमार पुलिस टीम सहित क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान जटोल रोड पर तैनात चेतक पुलिस कर्मियों को एक संदिग्ध ऑल्टो कार आती दिखाई दी। पुलिस ने जब कार को रुकने का इशारा किया, तो चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और भागने लगा। चेतक कर्मियों की सूचना पर एक्टिव हुई थाना मोबाइल और पुलिस टीम ने सरकारी वाहनों से कार का पीछा शुरू किया। तस्करों ने पुलिस पकड़ से बचने के लिए कार को जटोल रोड से शिव चौक, अमर जवान चौक, बिजली घर, सावतवाली, खून्डेवाली, माजरी, फाजिलपुर होते हुए अकबरपुर की तरफ दौड़ा दिया। खुन्डेवाली-अकबरपुर तिराहे के पास पीछा कर रही पुलिस से घिरता देख चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी अनियंत्रित होकर एक गन्ने के खेत में जा घुसी। मौका पाकर कार चालक गाड़ी को चालू हालत में ही छोड़कर अंधेरे और गन्ने की फसल की आड़ लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस टीम ने पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो उसकी पिछली सीट और डिग्गी से प्लास्टिक के 5 कट्टे बरामद हुए। सभी कट्टों को खोलने पर उसमें ढाई कुंतल प्रतिबंधित मांस मिला। तत्काल कार्रवाई करते हुए उप-निरीक्षक योगेश कुमार ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि सैनी से संपर्क किया, जिनके निर्देश पर डॉ. रविन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। डॉक्टर ने बरामद मांस के प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि की। पशु चिकित्सक की मौजूदगी में बरामद मांस में से कुछ प्रयोगशाला परीक्षण के लिए करीब 100 ग्राम का सैंपल लेकर उसे एक डिब्बे में सील किया गया। इसके बाद डॉक्टर के दिशा-निर्देशों के अनुसार, शेष ढाई कुंटल मांस को खेत के किनारे गड्ढा खुदवाकर और उचित अम्लीय छिड़काव कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

## लक्सर तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं
# 37 शिकायतें दर्ज, 9 का मौके पर किया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील मुख्यालय में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अनिल कुमार शुक्ला ने की। इस दौरान एसडीएम ने क्षेत्र से आए लोगों की विभिन्न जनसमस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।माध्यमों से जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि आज के तहसील दिवस में कुल '37 शिकायतें'दर्ज की गईं। इनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण'' कर दिया गया, जबकि शेष बची शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया है। एसडीएम ने कड़े निर्देश दिए हैं कि इन सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण अगले 15 दिनों के भीतर मौके पर जाकर सुनिश्चित किया जाएतहसील दिवस में आए कुछ प्रमुख मामलेगैस एजेंसी की लापरवाही एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपना गैस सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन एजेंसी ने उसका सिलेंडर किसी दूसरे व्यक्ति को दे दिया। अब उसे रोजाना परेशान कर दोबारा बुकिंग कराने को कहा जा रहा है तहसील रोड का निर्माण:लक्सर तहसील मार्ग की बदहाली को लेकर नगर पालिका परिषद से जवाब मांगा गया था। इस पर नगर पालिका के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगाकिसान की समस्या का समाधान:'' एक पीड़ित किसान ने शिकायत दर्ज कराई कि पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से उसके खेत में एक पेड़ गिरा हुआ है। वह उसे हटाने की अनुमति के लिए लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने वन विभाग के कर्मचारियों को तुरंत पेड़ हटाने की अनुमति देने और कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। अनुपस्थित कर्मचारियों पर भड़के एसडीएमआज के तहसील दिवस में आधे से भी कम विभागों के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे, जिस पर उप जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने अनुपस्थित रहने वाले और लापरवाही बरतने वाले सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि तय समय सीमा के भीतर शिकायतों का निवारण नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# मासूम बच्चे के अपहरण का फरार आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** थाना झबरेड़ा के ग्राम भक्तों वाली से एक शादी समारोह से अपहृत हुए 3 वर्षीय मासूम बालक के आरोपितो में से एक को पूर्व ही पुलिस द्वारा जेल भेज दिया था। पुलिस द्वारा इसी मामले में एक दूसरे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। झबरेडा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने ग्राम भक्तोंवाली निवासी अमरेश कुमार के यहां 14 अप्रैल को शादी समारोह था । शादी समारोह से 3 वर्षीय मासूम बालक आयु का अपहरण कर लिया गया था। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित गरजा उर्फ गजे निवासी सकरपुर, मुजफ्फरनगर, यूपी को 15 मई को बच्चे सहित शकरपुर गांव पुरकाजी मार्ग एलबीएस भट्टै के पास से बच्चे सहित दबोच लिया था ।वारदात के बाद मौके से फरार हुए आरोपी के दो साथियों में से एक ओर आरोपी रविंद्र ग्राम शकरपुर उत्तर प्रदेश को पुलिस ने पुहाना से गिरफ्तार कर चालान करते हुए जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस तीसरे फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# सीएसपीएस में बैंकिंग विषय पर विशेष व्याख्यान, विशेषज्ञ ने दी व्यवहारिक जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की स्थित चंद्र शेखर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं 12 कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्क्ठ ठंदा से आए बैंकिंग विशेषज्ञ सुशील धमीजा उपस्थित रहे।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को बैंकिंग के मूलभूत सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी गई। श्री धमीजा ने चेक भरने की सही प्रक्रिया, डेबिट एवं क्रेडिट की अवधारणा, राशि को शब्दों एवं अंकों में सही ढंग से लिखने की विधि तथा आधुनिक बैंकिंग के विभिन्न माध्यमों जैसे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, एटीएम और डिजिटल बैंकिंग के बारे में व्यावहारिक उदाहरणों सहित समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज के समय में बैंकिंग ज्ञान केवल कॉमर्स छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए आवश्यक है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बैंक खातों, डिजिटल भुगतान और सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विस्तार से किया गया। यह ज्ञानवर्धक सत्र प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उनके व्यावहारिक जीवन में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के एम.डी. अभिषेक चंद्र एवं प्रधानाचार्या पूनम चंद्र ने मुख्य वक्ता सुशील धमीजा का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## 10 लीटर अवैध शराब व भट्टी पकड़ी

**भगवानपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दुराचारियों/गुण्डा अपराधियों /मादक पदार्थ के धंधे में संलिप्त के विरूद्व कार्यवाही के दिशा निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेतृव में पुलिस टीम को सूचना मिली कि दादूबास क्रेशर से लगभग 500 मीटर पीछे छोटी लाम की तरफ नदी के किनारे टपरी पर दो व्यक्ति कच्ची भट्टी लगाकर कच्ची शराब निकाल रहे है। उक्त सूचना प्राप्त हुयी इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे तो पुलिस टीम को अपनी और आता देख दोनो आरोपित मौके से फरार हो गये तथा मौके से 10 लीटर कच्ची शराब भट्टी उपकरण दो बड़े ड्रम, दो तसले, दो टीन प्लेट मय रबड़ पाईप, दो गैस चुल्हा मय पाइप रेग्युलेटर व एक गैस सिलेण्डर भारत गैस माल बरामदगी की गई।

# बैंक में पैसे निकालने गए किसान के 50 हजार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक किसान के इकबालपुर स्थित पीएनबी बैंक से उस समय किसी के द्वारा 50000 जेब से चोरी कर निकाल लिए गए जब वह बैंक से डेढ़ लाख रूपए निकाल कर चला था। बैंक से बाहर आते ही किसान को पैसे चोरी होने का पता चला। ग्राम बालेकी निवासी कयूम अहमद जो किसान है। मंगलवार को इकबालपुर स्थित पीएनबी बैंक से अपने केसीसी कार्ड से पैसे निकालने आया था। उक्त किसान द्वारा अपने केसीसी कार्ड से डेढ़ लाख रुपए निकाले तथा अपने कुर्ते की जेब में रख लिए ।बैंक से बाहर आते ही किसान ने कुर्ते की जेब को दोबारा देखा तो एक जेब में डाले गए ₹50000 की नोटों की गडड़ी नहीं मिली। ₹50000 की नोटों गडड़ी जेब में नहीं मिलने से किसान वापस बैंक में गया तथा वहां बैंक कर्मियों व दूसरे लोगों से पैसे चोरी होने की बात बताई तथा पूछताछ की गई। पैसे ना मिलने पर उक्त किसान ने इकबालपुर स्थित पुलिस चौकी में जाकर पैसे चोरी होने की सूचना दी। इकबालपुर पुलिस चौकी इंचार्ज योगेश कुमार का कहना है कि किसान की पैसे चोरी की शिकायत मिलते ही पुलिस बैंक मैं गई तथा बैंक कर्मियों में वहां अन्य लोगों से पूछताछ की गई तथा बैंक के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खँगाले गए शीघ्र ही चोर का पता लगा लिया जाएगा।

# गोकशी में फरार चल रहे दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** 'ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा गौकशी में फरार चल रहे 02 वांछित आरोपितों को धर दबोचा गया है। पुलिस का कहना है कि गौकशी करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही से गौ तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दुराचारियों/ वारन्टी/वांछित आरोपितों के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेत्तृव दिनाँक 19/5/2026 को कोतवाली भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुऐ वांछित आरोपित को पकडा गया। पुलिस ने बताया कि पकडे गये आरोपियों के नाम मुसैब पुत्र मुनीर निवासी खेलपुर कोतवाली भगवानपुर व नवाजिश पुत्र मुनीर निवासी खेलपुर कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार है।

# चोरी की तीन बाइकों सहित वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर पुलिस की बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने 03 चोरी की मोटरसाइकिलों सहित शातिर वाहन चोर को दबोच लिया है। जानकारी के अनुसार लगातार जारी अभियान में मंगलौर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत कोतवाली मंगलौर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा है, जिसके कब्जे से चोरी की गई 03 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। बरामद वाहनों में 02 मोटरसाइकिलें कोतवाली नगर हरिद्वार तथा 01 मोटरसाइकिल कोतवाली मंगलौर क्षेत्र से चोरी हुई थी। वादी विजय कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी सहारनपुर (उ0प्र0) द्वारा अशोकापुरम क्षेत्र से उनकी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर चोरी होने के संबंध में कोतवाली मंगलौर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक मंगलौर द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के डिजिटल साक्ष्यों की गहन जांच की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगातार सूचनाएं जुटाई गईं। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप मंगलौर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत शातिर वाहन चोर गौतम सहरावत को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पकड़े गये आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी एवं अन्य आपराधिक प्रकरण शामिल हैं। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी हैं।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ADITI SOOD से बदलकर ADITI MEHTA रख लिया है भविष्य में मुझे ADITI MEHTA के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा, लिखा जाये। ADITI MEHTA W/0 GARVIT KUMAR नि. म. नं. 651/14 बी. गंगा एनक्लेव, सैनिक कॉलोनी रुड़की, हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री विशाखा सैनी का आचरण ठीक न होने के कारण उसने परिवार की मर्जी के खिलाफ अपनी मनमर्जी से सन्नी पुत्र मांगेराम नि. दथेड़ा घड़ी हसनपुर शामली उ.प्र. से कोर्ट मैरिज कर ली है इसलिए विशाखा को मैंने अपनी तमाम चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध -विच्छेद कर लिया है आज के बाद विशाखा के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेने की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
नाथीराम पुत्र फूल सिंह नि. ग्राम बहावपुर छंगामजरी भगवानपुर, हरिद्वार

# ग्लास फैक्ट्री में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र में एक गिलास फैक्टरी में आग लगने की सूचना पर तत्काल भगवानपुर फायर ब्रिगेड की टीम मुख्य पर पहुंची और कड़ी में सकट के बाद अकबर का गुफा लिया जिससे फैक्ट्री में बड़ा नुकसान होने से बच गया। जानकारी के अनुसार एमडीटी के माध्यम से फायर स्टेशन भगवानपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि मेसर्स डायमंड टफ ग्लास फैक्ट्री लकेश्वरी में आग लगी है, सूचना तुरंत अमल में लाई गई। प्रभारी फायर स्टेशन भगवानपुर महोदय के निर्देशन में घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि आग फैक्ट्री के फोम इंसुलेटेड टीन शेड के बने छत में लगी थी जिसको फायर यूनिट ने पंपिंग कर पूर्ण रूप से बुझाया, शेष कोई जनहानि नहीं हुई।

## मजदूरों के अधिकारों व न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर
# पीपुल्स यूथ फ्रंट का तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तहसील परिसर स्थित जॉइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर पीपुल्स यूथ फ्रंट के बैनर तले दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और अपर तहसीलदार को मजदूरों के अधिकारों और न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि उत्तराखंड सरकार और जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों के अधिकारों की लगातार अनदेखी की जा रही है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव धीमान ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में मजदूर न्यूनतम वेतन से भी कम पर काम करने को मजबूर हैं जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी कंपनियों और औद्योगिक संस्थानों में श्रमिकों का शोषण हो रहा है और श्रम कानूनों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार पर प्रशासन के द्वारा गुंडा एक्ट लगाते हुए जिला बदर किया गया है जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। संगठन की माँग है कि उन्हें ससम्मान वापस बुलाया जाए साथ ही साथ सभी श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम वेतन,सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि मजदूरों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।



## एडवोकेट एसोसिएशन लक्सर के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न
# पवन सिंह अध्यक्ष व धर्मेंद्र सिंह बने सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एडवोकेट एसोसिएशन लक्सर के वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए विभिन्न पदों के लिए मतदान किया।

चुनाव को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी होने के बाद मतगणना कर अध्यक्ष, सचिव, सहसचिव पदों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष पद पर एडवोकेट पवन सिंह, सचिव पद पर एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, शहर सचिव एडवोकेट रविकांत ने जीत हांसिल की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समर्थकों एवं साथी अधिवक्ताओं ने बधाई दी। इस दौरान बार परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया को सफल बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा के तहत शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न होना सकारात्मक संदेश देता है। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी अधिवक्ताओं के हितों के लिए बेहतर कार्य करेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।



# सम्पादकीय

## महंगाई का मकड़जाल

तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल–डीजल के मूल्य में तीन–तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98. 64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। भारत में इस सप्ताह घोषित पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3.91 रुपए प्रति लीटर या 4.4 प्रतिशत की वृद्धि तेल उत्पादक देशों जैसे सऊदी अरब को छोड़कर किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था द्वारा की गई सबसे कम वृद्धि है। यह जानकारी ग्लोबल पेट्रोल प्राइसेजडाटकाम के द्वारा संकलित आंकड़ों में दी गई। इंडियन ऑयल के एक अधिकारी के अनुसार ईंधन की कीमतों में 3.91 रुपए की बढ़ोतरी से केवल आंशिक रूप से कच्चे तेल में आए उछाल की भरपाई हुई है। यह कदम क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमतों को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा 76 दिनों तक पूरी तरह से वहन करने के बाद उठाया गया है। यानि कि सरकार ने मान लिया है कि वह पेट्रोल और डीजल के रेट एक साथ नही, बल्कि धीरे–धीरे बढ़ाएगी। सरकार के इस फैसले से देश की जनता में नाराजगी है। जनता का ही कहना है कि यदि सरकार पेट्रोल और डीजल के रेट बढ़ा रही है, तो अन्य चीजों के रेट घटा दे, ताकि आम जनता अपनी जेब का बैलेंस बनाए रखे। विपक्ष भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने लगा है। देश में बढ़ते तेल संकट के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है। देश के लोगों को बड़ा झटका लगने वाला है। इसका सबसे बड़ा असर यहां के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। यह झटका इकोनॉमिक स्ट्रक्चर में बदलाव से लगने वाला है। महंगाई की इस अगली किश्त में सुबह का नाश्ता भी शामिल हो गया है, जिसका असर आम लोगों की जेबों पर पड़ना शुरू हो गया है। ब्रेड और उससे जुड़े प्रोडक्ट के दाम में भारी वृद्धि की गई है। मुंबई में हर तरह की ब्रेड की कीमत में 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ये दाम 16 मई से ही बढ़ा दिए गए हैं। मुंबई के बारे में कहा जाता है कि यहां पर लोग अपने दिन की शुरुआत ब्रेड, पाव और सैंडविच आदि से करते हैं। लेकिन अब मुंबई के लोगों को सुबह के नाश्ते के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। छोटे ब्राउन ब्रेड की कीमत 28 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये हो गई है, 20 रुपये वाला सफेद ब्रेड अब तक 22 रुपये में मिलेगा, तो ब्राउन ब्रेड की कीमत 45 से बढ़कर 50 रुपये कर दी गई है। बाकी दुनिया कच्चे तेल की लागत में हुई वृद्धि को एडजस्ट करने के लिए दोनों फ्यूल की खुदरा कीमतों में 10 से 90 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रही है। म्यांमार, मलेशिया, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में पेट्रोल की कीमत युद्ध–पूर्व मूल्य से आधे से अधिक बढ़ गई है, डीजल की कीमत वैश्विक व्यापार और माल ढुलाई से प्रत्यक्ष संबंध से और भी तेजी से बढ़ी है।

## श्रीमुख से...

### पीएम मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल



सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए, अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल–डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए, पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है, आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल है।' प्रधानमंत्री ने अमेरिका से हाथ–पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल–डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे , कांग्रेस अध्यक्ष**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

## उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत



**उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है।**

उत्तराखण्ड की राजनीति का एक ऐसा अध्याय आज इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया, जिसने दशकों तक सत्ता, सियासत, प्रशासन और जनविश्वास के केंद्र में रहकर अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ी।

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूरी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। उनके निधन के साथ ही उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है तथा कल हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

देहरादून की वादियों में 1 अक्टूबर 1934 को जन्मा यह बालक आगे चलकर भारतीय सेना का मेजर जनरल बना, संसद का गंभीर वक्ता बना, केंद्र सरकार का प्रभावशाली मंत्री बना और फिर उत्तराखण्ड की राजनीति का वह चेहरा बना, जिसके नाम पर एक दौर में पूरा चुनाव लड़ा गया, 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में यह केवल एक चुनावी नारा नहीं था, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक था कि राजनीति में अब भी कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनकी साख सत्ता से बड़ी होती है। स्वर्गीय जय बल्लभ खण्डूरी और दुर्गा देवी खण्डूरी के संस्कारों में पले भुवन चंद्र खण्डूरी ने प्रारम्भिक शिक्षा के बाद इलाहाबाद विश्व. विद्यालय से विज्ञान की पढ़ाई की। युवावस्था में ही उन्होंने राष्ट्रसेवा को जीवन का ध्येय बना लिया और 1954 में भारतीय सेना की कार्प्स आफ इंजीनियर्स में कमीशन प्राप्त किया। इसके बाद उनका जीवन रणभूमियों, सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों और रणनीतिक जिम्मेदारियों के बीच आकार लेता गया।

1962 के भारत–चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत–पाक युद्धों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। 1971 के युद्ध में सांबा सेक्टर में इंजीनियर रेजिमेंट के कमांडर के रूप में उन्होंने जिस नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, उसने उन्हें सेना में विशिष्ट पहचान दिलाई।

वे केवल सैनिक नहीं थे, बल्कि सैन्य रणनीति और प्रशासनिक दक्षता के अद्भुत संगम थे। सेना मुख्यालय में डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, इंजीनियर ब्रिगेड कमांडर, चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कार्य से यह सिद्ध किया कि अनुशासन और नेतृत्व साथ–साथ चल सकते हैं। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार ने उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। 1991 में पहली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद बने और फिर कई बार जनता ने उन्हें संसद भेजा। संसद में उनकी छवि शोर मचाने वाले नेता की नहीं, बल्कि तैयारी और गंभीरता के साथ बोलने वाले जनप्रतिनिधि की थी। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भारत के बुनियादी ढांचे के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को गति देने में उनकी निर्णायक भूमिका रही। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को जोड़ने वाली सड़कों का वह स्वप्न, जिसने भारत की आर्थिक र"तार बदली, उसमें खण्डूरी की प्रशासनिक क्षमता स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री बनाया। उस समय राज्य भ्रष्टाचार, ट्रांसफर–पोस्टिंग के खेल और नौकरशाही की बेलगाम कार्यशैली को लेकर आलोचनाओं में था। खण्डूरी ने सत्ता संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि शासन का अर्थ नियंत्रण और जवाबदेही है। फाइलों में देरी, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार पर उनकी नाराजगी अधिकारियों के बीच चर्चित थी। कहा जाता है कि किसी अधिकारी के अधूरे कार्य के साथ बैठक में पहुंचने का अर्थ था कठोर सवालों का सामना करना। उनकी कार्यशैली ने आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया, लेकिन सत्ता और संगठन के भीतर असहजता भी बढ़ाई। राजनीति जिस लचील. `पन की मांग करती है, खण्डूरी कई बार उससे दूर दिखाई देते थे। वे सत्ता को सैन्य अनुशासन की ख्रष्टि से देखते थे, जबकि राजनीति समझौतों, समीकरणों और संतुलनों का संसार है। उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादास्पद अध्याय उनके करीबी सचिव सारंगी को लेकर उठा विवाद बना। विपक्ष ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री कार्यालय में निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत हो गई है और कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं, कई नेताओं को शिकायत थी कि मुख्यमंत्री तक उनकी पहुंच सीमित होती जा रही है। धीरे–धीरे राजनीतिक दबाव बढ़ा और अंततः 2009 में उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। यह विडंबना थी कि जिस नेता की ईमानदारी पर शायद ही कभी प्रश्न उठा, वही राजनीतिक प्रबंधन के आरोपों में घिर गया। 2011 तक आते–आते भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और नेतृत्व संकट के आरोपों में घिर चुकी थी। पार्टी को फिर वही चेहरा याद आया, जिसकी पहचान साफ–सुथरी राजनीति थी। भुवन चंद्र खण्डूरी दोबारा मुख्यमंत्री बनाए गए। यहीं से जन्म हुआ उस ऐतिहासिक नारे का, जिसे हम 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' के साथ जानते आ रहे हैं। यह नारा केवल प्रचार नहीं था, बल्कि भाजपा की उस राजनीतिक आवश्यकता का प्रतीक था, जिसमें उसे जनता के सामने भरोसेमंद चेहरा चाहिए था, मगर यह नारा भाजपा के काम नही आया, भुवन चंद्र खण्डूरी खुद 2012 का विधानसभा चुनाव हार गये और पार्टी को स त्ता गवानी पड़ी। सशक्त लोकायुक्त कानून बना कर। देश उस समय अन्ना हजारे आंदोलन और भ्रष्टाचार विरोधी लहर से गुजर रहा था। ऐसे माहौल में उत्तराखण्ड में मजबूत लोकायुक्त कानून लागू करने की पहल ने राष्ट्रीय स्तर पर खण्डूरी की छवि को और ऊंचा किया। उनके समर्थक कहते थे कि यदि उन्हें लंबा समय मिलता, तो उत्तराखण्ड की प्रशासनिक संस्कृति बदल सकती थी, लेकिन राजनीति केवल छवि से नहीं चलती 2012 के विस चुनाव में भाजपा ने लगभग पूरा चुनाव खण्डूरी की छवि पर लड़ा। राजनीतिक समीकरण अलग दिशा में चले गए। भाजपा चुनाव हार गई। सबसे बड़ा झटका यह रहा कि स्वयं खण्डूरी भी अपनी सीट नहीं बचा सके।

**मौहम्मद शाह नज़र**

## यहूदियों ने कब्जाई मुस्लिमों की 1000 किमी जमीन




हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद इजरायल ने अपनी सैन्य नीति पूरी तरह बदल दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अब पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से काम कर रही है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले करीब तीन साल में इजरायल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में करीब 1,000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका इजरायल की 1949 की सीमाओं का लगभग 5 प्रतिशत माना जा रहा है। इसी वजह से अब मिडिल ईस्ट में ग्रेटर इजरायल को लेकर चर्चा बढ़ गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कब्जाई गई जमीन का सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिणी लेबनान में है। इजरायली सेना वहां कई किमी अंदर तक पहुंच चुकी है। इजरायल इस इलाके को सिक्योरिटी जोन कह रहा है। उसका कहना है कि इससे हिज्बुल्लाह को सीमा के पास से हमला करने से रोका जा सकेगा। नेतन्याहू ने पिछले महीने कहा कि दुश्मन इजरायल को आग के घेरे में घेरना चाहता था, लेकिन अब इजरायल ने अपने चारों ओर सुरक्षा का घेरा बना लिया है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि सेना लितानी नदी तक के इलाके पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। गाजा में इजरायली सेना अब आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। वहां इजरायल ने एक अतिरिक्त बफर जोन भी बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक, इस वजह से करीब 20 लाख लोग अब गाजा के सिर्फ 40: हिस्से में रहने को मजबूर हैं। सीमा के पास के कई इलाकों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। गांव और शहर खंडहर बन चुके हैं। नेतन्याहू ने साफ कहा है कि इजरायली सेना गाजा से वापस नहीं जाएगी। सीरिया में बशर अल–असद सरकार के कमजोर होने के बाद इजरायल ने वहां भी अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी। रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायली सेना ने माउंट हर्मोन से लेकर दक्षिणी सीरिया तक करीब 233 वर्ग किमी इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इजरायली फोर्सेज ने सीरिया में 50 किमी अंदर तक के इलाके पर छापेमारी की है। इजरायल और सीरिया के बीच सुरक्षा समझौते की बातचीत भी हुई, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में इजरायल के सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। हालांकि दोनों में से किसी भी देश ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया है।

इजरायल के कट्टरपंथी नेता और अतिराष्ट्रवादी संगठन लंबे समय से सीमाएं बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने लेबनान की लितानी नदी तक को इजरायल की नई सीमा बनाने की बात कही है। कुछ सांसदों ने दक्षिणी लेबनान के बड़े हिस्से पर कब्जा करने और वहां की आबादी हटाने की मांग भी की है। इधर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार कहते आए हैं कि इजरायल लेबनान में क्षेत्रीय विस्तार की कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखता।

## ईरान से कम नहीं क्यूबा, अमेरिका फंस सकता है लंबे युद्ध में



अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि क्यूबा ने रूस और ईरान से 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन खरीदे हैं। अमेरिका को डर है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल उसके सैन्य ठिकानों के खिलाफ किया जा सकता है। इसके बाद अमेरिका ने क्यूबा की इटेंलिसेंज एजेंसी और उसके बड़े नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिए। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिएज कनाल ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो बड़ा खून–खराबा हो सकता है।

अमेरिका के बेहद करीब मौजूद यह छोटा देश आज भी खुद को बड़े खतरे के लिए तैयार रखता है। क्यूबा भले ही आज सैन्य ताकत के मामले में पहले जैसा मजबूत न हो, लेकिन अमेरिका के लिए इससे युद्ध लड़ना आसान नहीं है। क्यूबा की सेना पुराने हथियारों, जुगाड़ तकनीक और बड़ी संख्या में रिजर्व बल के सहारे ऐसी रणनीति पर काम करती है, जिससे कोई भी हमला लंबे और महंगे युद्ध में बदल सकता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर कभी अमेरिका और क्यूबा के बीच सीधा संघर्ष हुआ, तो क्यूबा ईरान की तरह अमेरिका को लंबे युद्ध के दलदल में फंसा सकता है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी सभी लोगों का युद्ध पालिसी है। इसका मतलब है कि अगर देश पर हमला होता है तो सिर्फ सेना ही नहीं, बल्कि आम नागरिक, मिलिशिया और पैरामिलिट्री बल भी लड़ाई में शामिल होंगे। क्यूबा के पास करीब 50 हजार एक्टिव सैनिक, 39 हजार रिजर्व सैनिक और लगभग 90 हजार पैरामिलिट्री सदस्य हैं। जरूरत पड़ने पर 10 लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की योजना है। यह मॉडल ईरान की प्राक्सी और लंबी लड़ाई वाली रणनीति जैसा माना जाता है। अमेरिका की धमकियों के बाद देशभर में लोगों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिंग दी जा रही है। नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी लोकेशन है। यह अमेरिका के फ्लोरिडा तट से बेहद करीब है। अगर संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका को अपने तटीय इलाकों, नौसैनिक ठिकानों और समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर भारी संसाधन लगाने पड़ सकते हैं। अगर क्यूबा के छोटे ड्रोन हमले अमेरिका के लिए चुनौती बन सकते हैं। क्यूबा के पास आधुनिक हथियार कम हैं, लेकिन उसने पुराने हथियारों को जोड़कर हाइब्रिड सिस्टम तैयार किए हैं। पुराने ट्रकों पर एंटी–एयरक्राफ्ट गन लगाई गई हैं। अलग–अलग वाहनों के पार्ट्स जोड़कर नए लड़ाकू वाहन बनाए गए हैं। क्यूबा की सेना लंबे समय से गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेती रही है। यानी सीधी टक्कर के बजाय छोटे–छोटे हमले, छिपकर वार और दुश्मन को थकाने की रणनीति। क्यूबा लंबे समय से लैटिन अमेरिका में अपने खुफिया नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। वेनेजुएला जैसे देशों में उसका प्रभाव रहा है। हाल ही में वेनेजुएला में निकोलस मादुरो सरकार पर कार्रवाई के बाद क्यूबा को बड़ा झटका लगा। क्यूबा ने माना कि उसके 32 खुफिया एजेंट वहां मारे गए। क्यूबा की सेना यानी रिवाल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज द्धथ्त्ऋ देश की सबसे ताकतवर संस्था है। इससे जुड़ा जीएईएसए ग्रुप होटल, एयरपोर्ट, बैंक और बड़े कारोबार भी संभालता है। यानी सेना सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन पर भी मजबूत पकड़ रखती है। क्यूबा की एयरफोर्स लगभग खत्म हो चुकी है। मिग–29 और मिग–23 जैसे पुराने लड़ाकू विमान ज्यादातर बंद पड़े हैं। पूरे देश में मुश्किल से 20 विमान ही ऑपरेशनल बताए जाते हैं। नेवी में सिर्फ 33 जहाज हैं, आधुनिक युद्धपोत या मजबूत पनडुब्बियां नहीं हैं। एयर डिफेंस सिस्टम भी 1950 के दशक की सोवियत मिसाइलों पर आधारित है। सबसे बड़ी समस्या बिजली और आर्थिक संकट है। 2025 में कई बड़े ब्लैकआउट हुए, जिससे मिलिट्री ट्रेनिंग और कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ। ईंधन, स्पेयर पार्ट्स और आधुनिक तकनीक की भारी कमी भी सेना को कमजोर बनाती है।

### कतर की एंट्री से बदला समझौते को लेकर गेम

कतर की एंट्री से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। सोमवार द्ध18 मईऋ को डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को समझौते योग्य बताया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौता हो सकता है, इसलिए मैंने ईरान पर हमला नहीं करने का फैसला किया है। अमेरिकी मीडिया के मुता. बिक कतर के प्रधानमंत्री अल थानी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते का भरोसा दिलाया है। कतर के प्रधानमंत्री अल थानी को समझौता कराने में माहिर माना जाता है। पहले भी अमेरिका और अफगानिस्तान जैसे देशों के बीच कतर ने शांति समझौता कराया था। 1। कतर ने सबसे पहले सऊदी अरब, यूएई जैसे अपने सहयोगी देशों को कन्फिडेंस में लिया। कतर ने इन देशों को यह समझाया कि अगर जंग की शुरुआत फिर से होती है तो उनके तेल और गैस ठिकाने बर्बाद हो जाएंगे।



प्रयागराज। भीषण गर्मी के बीच सिर पर पल्लू डालकर तेज धूप से खुद को बचाती महिलाएं।

## पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व स्वर्गीय डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की 114वीं जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के छठे राष्ट्रपति श्री रेड्डी के चित्र पर राष्ट्रपति भवन में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. संजीव रेड्डी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कई संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ रेड्डी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# भारत-नार्वे ने सहयोग बढ़ाने के लिए नौ समझौते किए

## दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की

**ओस्लो।** भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है।

दोनों देशों ने 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की। नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले 'नॉर शिपिंग' कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसके अलावा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा वैज्ञानिक एवं नवाचार अनुसंधान अकादमी ने नॉर्वे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हरित परिवर्तन के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर संयुक्त आशय घोषणा को अपनाया।



व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया

# अमेरिकी साजिश थी इमरान का तख्तापलट

## आउटलेट ड्रॉप न्यूज साइट का दावाः इमरान खान हटे, तो सब माफ हो जाएगा



- इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी
- मुलाकात के बाद ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट ड्राप साइट न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान की कुर्सी सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव से नहीं गई थी। इसके पीछे अमेरिकी साजिश और पाक सेना की भूमिका थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिका इस यात्रा से नाराज था। वह चाहता था कि पाकिस्तान यूक्रेन युद्ध पर रूस की खुलकर आलोचना करे, लेकिन इमरान सरकार ने तटस्थ रुख अपनाया। इसके बाद 7 मार्च 2022 को वाशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के बीच बातचीत हुई। लू ने मजीद से कहा कि अगर इमरान अविश्वास प्रस्ताव में हट जाते हैं तो अमेरिका 'सब माफ' कर देगा। इसके 33 दिन बाद यानी 9 अप्रैल 2022 को इमरान सरकार गिर गई। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। वाशिंगटन के एक होटल में लू ने मजीद को लंच टेबल पर इमरान को हटाने का दबाव दिया था। लू ने यूक्रेन युद्ध पर पाक रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाक रूस की आलोचना नहीं कर रहा है और अमेरिका-यूरोप को यह स्वीकार नहीं है। लू ने कहा, इमरान की रूस यात्रा से अमेरिका नाराज है। बात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंची। लू ने संकेत दिया कि इमरान सत्ता में रहे तो पाक अकेला पड़ जाएगा। मजीद ने पत्र में लिखा कि यह संदेश वाइट हाउस की मंजूरी के बिना संभव नहीं था।

## अमेरिका ने अफ्रीका में इबोला फैलने पर आपातकालीन सहायता शुरू की


अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की कर रहा है रक्षा

**वॉशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका में इबोला को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद अमेरिका ने त्वरित आपातकालीन सहायता शुरू की है तथा नए यात्रा प्रतिबंधों और आपातकालीन सहायता के जरिए इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में अमेरिका ने कहा कि गत 15 मई को मामलों की पुष्टि होने के 24 घंटे के अंदर विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल बिठाने वाली समिति और आपातकालीन घटना प्रबंधन प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, रवांडा, साउथ सूडान और युगांडा में अमेरिकी दूतावास ने भी काम में तेजी लाने और इलाके में अमेरिकी नागरिकों से बातचीत करने के लिए निगरानी समूह बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सहायता का फोकस इस बात पर केंद्रित है कि बीमारी पर अमेरिकी तटों तक पहुंचने से पहले ही काबू में कर लिया जाए। अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। विभाग यह पक्का करने के लिए रोजाना नेतृत्व-स्तर की बैठकें आयोजित करता है ताकि सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाता है, जिन्होंने पिछले 21 दिनों में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, युगांडा या साउथ सूडान की यात्रा की है।

## ईरान ने यूएई के परमाणु संयंत्र पर हमले के आरोपों को लेकर जर्मनी पर किया पलटवार

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु संयंत्र पर कथित हमले को लेकर जर्मनी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के मामले में दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिमी देश अंतर्राष्ट्रीय कानून को अपने राजनीतिक हितों के अनुसार लागू करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायली शासन द्वारा ईरान की सुरक्षित परमाणु सुविधाओं पर खुले हमलों की निंदा करने के बजाय उन्हें उचित ठहराया जाता है। बघाई ने आरोपों की प्रकृति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने अब तक आधिकारिक रूप से ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब एक संदिग्ध 'फॉल्स फ्लैग' अभियान होता है, जिसकी जिम्मेदारी तक यूएई ने आधिकारिक तौर पर ईरान पर नहीं डाली, तब वही देश अचानक अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सुरक्षा की दुहाई देने लगते हैं।

## हिन्द-प्रशांत में नौवहन की स्वतंत्रता को भारत-वियतनाम प्रतिबद्धत



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हनोई में उप प्रधानमंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में उप प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

दोनों मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारत एवं वियतनाम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री ने न्हा त्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी की समीक्षा की और समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण एवं क्षेत्रीय स्थिरता में सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा हिद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, साइबर सुरक्षा तथा उच्च स्तरीय आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यासों और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों की रक्षा सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ईरानी संसद में पास हो सकता है ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या पर इनाम



- द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक 500 करोड़ से ज्यादा का इनाम दे सकता है ईरान
- ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है।

आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि खाड़ी देशों के अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया है और उम्मीद जताई है कि यह घोषणा अंततः स्थाई हो जाएगी। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध के बाद उन्होंने मंगलवार के लिए निर्धारित ईरान पर सैन्य हमला रद्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध चल रही 'गंभीर बातचीत' के कारण किया गया था, जिसके बारे में पश्चिम एशिया के नेताओं का मानना है कि इसका परिणाम एक ऐसे समझौते के रूप में निकल सकता है जो अमेरिका को स्वीकार्य हो।

## बडगाम में 93 लाख रुपये की जमीन धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को दक्षिणी कश्मीर में प्रवासियों की संपत्ति और खड़े पेड़ों की बिक्री से जुड़े कथित 93 लाख रुपये के जमीन धोखाधड़ी मामले के संबंध में बड़गाम जिले में तलाश अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा कि यह तलाश अभियान गत साल अप्रैल में आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 340 और 61(2) के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में चलाया गया। यह मामला फर्जी समझौतों के जरिये पुलवामा के द्रुसु में पांच कनाल प्रवासी भूमि और बिजबेहारा में 300 खड़े पेड़ों की कथित धोखाधड़ी से बिक्री से संबंधित है।

# अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

## मृतकों में एक गार्ड और 2 संदिग्ध शामिल, धार्मिक नफरत से जुड़े हमले की आशंका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी।

दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे। यह सेंटर अलग-अलग समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल बढ़ाने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद की वेबसाइट के मुताबिक, यहां सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक कामों में भी दूसरे समुदायों के साथ मिलकर काम किया जाता है। यहां रोज पांच वक्त की नमाज होती है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है। कैलिफोर्निया में नफरत की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल और गवर्नर आफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर रही हैं।



दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले, शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी

# ताइवान की सड़कों पर भारत विरोधी पोस्टर लगे

## चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार बोलाः भारतीय मजदूरों को भगाओ



विपक्षी सांसद बोले: वे अपराधी होते हैं, भारतीय बोले: यह नस्लीय भेदभाव है

**ताइप।** ताइवान में स्थानीय चुनाव के दौरान एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भारत विरोधी पोस्टर लगाया है। इसमें पगड़ी पहने एक सिख व्यक्ति की तस्वीर पर बड़ा 'नो' यानी प्रतिबंध का निशान बना हुआ था। पोस्टर का मैसेज था कि भारत से आने वाले प्रवासी मजदूरों का विरोध किया जाए, और उन्हें देश से बाहर भगाया जाए।

यह विवाद ऐसे समय में हुआ है जब ताइवान भारत के साथ हुए श्रम सहयोग समझौते के तहत भारतीय कामगारों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। ताइवान की विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग यानी केएमटी भी भारतीय मजदूरों को बुलाने का विरोध कर रही है। सांसद हुआंग चिएन-पिन ने भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला दिया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ 4.45 लाख से ज्यादा अपराध दर्ज हुए थे, जिनमें 31 हजार से ज्यादा रेप के मामले शामिल थे। ऐसे में भारतीय मजदूरों को लेकर ज्यादा सख्त जांच और निगरानी होनी चाहिए। वे यहां पर महिलाओं के साथ बलात्कार कर सकते हैं। वहीं, ताइवान में रहने वाले एक भारतीय ने सोशल मीडिया पर इसे नस्लीय भेदभाव बताया। उन्होंने कहा कि किसी नीति का विरोध करना अलग बात है, लेकिन किसी समुदाय की पहचान और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बनाना गलत है। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि ताइवान में करीब 7 हजार भारतीय रहते हैं और उनमें से ज्यादातर हाई-टेक और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम करते हैं। इसमें फाक्सकान और टीएसएमसी जैसी कंपनियां शामिल हैं। ताइवान की स्थानीय राजनीतिक पार्टी न्यू पावर पार्टी के नेता वांग यी-हेंग ने भी पोस्टर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारतीय झंडे और पगड़ी पर प्रतिबंध का निशान लगाना बेहद अज्ञानता भरा कदम है। उनके मुताबिक पगड़ी सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि आस्था और सम्मान का प्रतीक है। 2024 में भारत और ताइवान के बीच प्रवासी मजदूरों को लेकर एक अहम समझौता हुआ था। इसे लेबर कोऑपरेशन श्रम सहयोग समझौता कहा गया। इसका मकसद ताइवान में बढ़ती कामगारों की कमी को पूरा करना और भारतीय कामगारों को वहां रोजगार के अवसर देना है। ताइवान कई सालों से श्रमिक संकट का सामना कर रहा है। वहां जन्म दर लगातार गिर रही है, आबादी बूढ़ी हो रही है और युवाओं की संख्या कम होती जा रही है। इसका असर खासकर फैक्ट्री, खेती, निर्माण और बुजुर्गों की देखभाल जैसे क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

## कृतिका कामरा अपनी अगली फिल्म डम्बल की तैयारी में जुटीं

**मुंबई।** 'मटका किंग' की सफलता के बाद अभिनेत्री कृतिका कामरा ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली फीचर फिल्म साइन कर ली है। यह 'मटका किंग' के बाद उनकी पहली घोषित परियोजना है, जिसके दूसरे सीजन की घोषणा हाल ही में प्राइम वीडियो इंडिया द्वारा की गई है। कृतिका अब निर्देशक पुषाण मुखर्जी की आगामी ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं, जिसका फिलहाल वर्किंग टाइटल डम्बल रखा गया है। फिल्म की शूटिंग जून से शुरू होने वाली है। कृतिका के करियर के अगले बड़े क्रिएटिव कदम के रूप में देखी जा रही यह फिल्म उन्हें एक बिल्कुल नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी और परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स चुनने की उनकी पहचान को और मजबूत करेगी।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108